विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 142 | गौतमबुद्धनगर, रविवार 21 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236

P- 3
हाईस्कूल में तनिश, इंटर में निधि ने किया नोएडा

P- 4
झांसी : आठ लाख से अधिक की लूट को अंजाम देने वाले युवा, पुलिस के

P- 5
कनाडा और चीन के बीच अब किस बात को लेकर बढ़ गई टेंशन

P- 6
कमजोर गेंदबाजी के दम पर केकेआर से आज टक्कर लेगी आरसीबी

हैप्पी मॉर्निंग

लड़की देखने हरीश सपरिवार पहुंचा। उनके सामने लड़की के गुणों की प्रशंसा की जा रही थी। लड़की वालों ने कहा, सीमा की आवाज कोयल जैसी है, उसकी गर्दन तो मोरनी के जैसी है, चाल हिरणी जैसी और स्वभाव में से तो गाय है। हरीश ने कहा, जी, क्या इसमें कोई इंसानी गुण भी हैं?

शायरी

कर जस्बे को बुलंद जवान,
तेरे पीछे खड़ी आवाम !
हर पत्ते को मार गिरायेंगे जो
हमसे देश बटवायेंगे..!!

अर्थसार

सेंसेक्स:
73,088.33
+599.34 (0.83%)
निफ्टी:
22,147.00
+151.15

मौसम

अधिकतम : 37 डिग्री से0
न्यूनतम : 23 डिग्री से
सूयोदय सोमवार : 5 : 57
सूर्यास्त रविवार : 7 : 02

यूपी बोर्ड की परीक्षा में सीतापुर के परीक्षार्थियों का दबदबा

लखनऊ/प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार को दसवीं और 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए।

हाईस्कूल में 89.55 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तो वहीं इंटमीडिएट में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इस बार हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं में सीतापुर के परीक्षार्थियों ने प्रदेश में टॉप किया है। हाई स्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में टॉप किया है, जबकि फतेहपुर की दीपिका सोनकर (98.33 प्रतिशत) दूसरे और सीतापुर की ही नव्या सिंह (98 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं इण्टरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि बागपत के विशु चौधरी (97.60 प्रतिशत) दूसरे और अमरोहा की काजल सिंह (97.60 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। हाईस्कूल में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 12,38,422 बालक तथा 12,23,604 बालिकाएं शामिल हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.40 है। सम्पूर्ण परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.35 अधिक है। वहीं इण्टरमीडिए में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 10,43,289 बालक तथा 9,82,778 बालिकाएं हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.78 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.42 है। सम्पूर्ण परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 10.64 अधिक है।

शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डा0 महेन्द्र देव और माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिब्यकान्त शुक्ल ने परीक्षाफल घोषित करते हुए बताया कि वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षा के साथ माध्यमिक शिक्षा परिषद ने नए कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। इस वर्ष यूपी बोर्ड ने पहली बार रिकॉर्ड 12 कार्य दिवसों में परीक्षा संपन्न कराई है और साथ ही रिकार्ड 12 कार्य दिवसों में ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य सकुशल पूरा कराकर बोर्ड परीक्षा का परिणाम 100 वर्षों के इतिहास में वर्ष 2023 के बाद दूसरी बार सबसे पहले जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी, 2024 से 09 मार्च, 2024 के मध्य कुल 8,265 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई थीं। वहीं, हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की लिखित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च, 2024 से 30 मार्च, 2024 के मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों में निर्धारित कुल 259 मूल्यांकन केंद्रों पर मात्र 12 कार्य दिवसों में संपन्न हुआ।

10वीं के टॉपर

1 रैंक — 98.50% — प्राची निगम

2 रैंक — 98.33% — दीपिका सोनकर

12वीं के टॉपर

1 रैंक — 97.80% — शुभम वर्मा — सीतापुर

2 रैंक — 97.60% — विशु चौधरी — बागपत

2 रैंक — 97.60% — काजल सिंह — अमरोहा

डीडी न्यूज के लोगो का रंग लाल से नारंगी हुआ

टीएमसी ने कहा- दूरदर्शन का भगवाकरण हुआ, ये प्रसार भारती नहीं, प्रचार भारती है

नई दिल्ली। पब्लिक ब्रॉडकास्टर दूरदर्शन ने अंग्रेजी चैनल डीडी न्यूज के लोगो का रंग लाल से बदलकर नारंगी कर दिया है। इस पर तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और प्रसार भारती के पूर्व ष्टश्वह्म जवाहर सरकार ने कहा कि दूरदर्शन का भगवाकरण हो गया है। अब ये प्रसार भारती नहीं, प्रचार भारती हो गया है। 16 अप्रैल को दूरदर्शन ने सोशल मीडिया ङ्क पर नया प्रमोशनल वीडियो शेयर किया। इसके कैप्शन में लिखा- हालांकि हमारे मूल्य वही हैं, अब हम एक नए अवतार में उपलब्ध हैं। ऐसी समाचार यात्रा के लिए तैयार हो जाएं जो पहले कभी नहीं देखी गई। बिल्कुल नए डीडी न्यूज का अनुभव करें। डीडी न्यूज - भरोसा सच का।

वहीं यूपीए सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुके कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा- दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलना सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने का सरकार का प्रयास है। ऐसे कदम देश के पब्लिक ब्रॉडकास्टर की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं।

प्रसार भारती के वर्तमान सीइआ गौरव द्विवेदी ने द इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा- लोगो का रंग नारंगी है न कि भगवा। सिर्फ लोगो में ही बदलाव नहीं हुआ है, बल्कि हमने डीडी के पूरे लुक और फील को अपग्रेड किया गया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग इस बारे में अर्नगल टिप्पणी कर रहे हैं।

गर्मी बढ़ी : 12 राज्यों में हीटवेव

तापमान 43 अगले 3-4 दिन हालात ऐसे ही रहेंगे; 17 राज्यों में आज बारिश का अनुमान

नई दिल्ली। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार (20 अप्रैल) को 12 राज्यों में हीटवेव (लू) चलेगी। इनमें बिहार, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड, गुजरात और तमिलनाडु शामिल हैं। यहां हीटवेव की स्थिति 3 से 4 दिनों तक जारी रहेगी।

इन राज्यों के 17 शहरों में शुक्रवार को दिन का तापमान 43 डिग्री के करीब दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने 17 राज्य में बारिश का अनुमान भी लगाया है। इनमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक शामिल हैं।

21 अप्रैल : मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने का अनुमान

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड में तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने का अलर्ट है। ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा में हीटवेव चलेगी।

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी में तेज गर्मी का पड़ेगी।

असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में तेज बारिश होगी।

अरुणाचल प्रदेश में हल्की बारिश का अनुमान है।

22 अप्रैल : पश्चिम बंगाल-ओडिशा में हीटवेव का अलर्ट

ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, माहाराष्ट्र, असम में बिजली गिरने और धूलभरी आंधी का अनुमान है।

अरुणाचल प्रदेश में तेज बारिश का अनुमान है।

पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा में हीटवेव चलेगी।

केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी में तेज गर्मी का पड़ेगी।

23 अप्रैल : मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में धूलभरी आंधी, बिहार में हीटवेव

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय और तेलंगाना में धूलभरी आंधी चलेगी।

हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और आंध्र प्रदेश में बिजली गिरने का अनुमान है।

अरुणाचल प्रदेश में तेज बारिश होगी।

सड़क हादसा

मैनपुरी में ट्रक ने खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर

भीषण सड़क हादसे में 4 महिलाओं की मौत, 25 लोग घायल

मैनपुरी। मैनपुरी के भोगांव में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 25 लोगों के घायल है। बताया जा रहा है कि ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। ट्रॉली में 29 लोग सवार थे, जो नामकरण संस्कार से शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते में ये हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। घटना भोगांव थाना क्षेत्र ह॥34 द्वारिकापुरी कट की है।

कन्नौज के थाना छिबरामऊ क्षेत्र में स्थित गांव कुंवरपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की पुत्री की थाना बिछवां के गांव बेलधारा में शादी हुई है। उनकी बेटी ने 10 दिन पहले बेटे को जन्म दिया था। शुक्रवार को उसका नामकरण संस्कार था। वीरेंद्र सिंह अपने परिवारीजनों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से गांव बेलधारा गए थे।

सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़ाकर सही कर रहे थे लाइट

शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठकर वापस घर लौट रहे थे। भोगांव क्षेत्र में द्वारकापुर के पास ट्रैक्टर की लाइट खराब हो गई। चालक ने ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और

लाइट की मरम्मत करने लगा। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पलट गई।

25 लोग घायल

ट्रॉली में बैठी फूलमती (48) पत्नी अवधेश, रमाकांति (45) पत्नी दफेदार, संजय देवी (42) पत्नी राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 25 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां द्रोपदी देवी (56) पत्नी विशुन दयाल ने भी दम तोड़ दिया। 11 गंभीर घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। सभी मृतक और घायल गांव कुंवरपुर छिबरामऊ के निवासी हैं।

रात भर डीजे पर डांस हुआ...सुबह हो गया हादसा

घायलों ने बताया कि बेलधारा गांव में बच्चे के नामकरण संस्कार कार्यक्रम गए थे। मंगल गीतों पर रात भर दावत और नृत्य कार्यक्रम चला। महिलाओं ने मंगल गीत गाए, डीजे पर जमकर डांस हुआ। हम लोग सुब 3ः30 बजे घर के लिए निकले थे। द्वारिकापुरी कट के पास ट्रैक्टर की लाइट बंद हो गई। ड्राइवर ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा करा लाइट सही कर रहा था। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

सीओ सुनील कुमार सिंह ने भोगांव पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पाकर बेलधारा और कुंवरपुर से बड़ी संख्या में लोग मैनपुरी पोस्टमॉर्टम हाउस पर पहुंच गए। ट्रक चालक मौके से फरार है। उसका पता लगाया जा रहा है।

भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे हैं मोदी : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार को जिस तरह बढ़ावा दे रहे हैं उससे यही लगता है कि वह खुद भ्रष्टाचार का स्कूल चल रहे हैं।

गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी देश में 'भ्रष्टाचार का स्कूल' चला रहे हैं जहां 'व्यापक भ्रष्टाचार विज्ञान' विषय के तहत 'चंदे का धंधा' समेत हर एक चैप्टर वह खुद डिटेल में पढ़ा रहे हैं।

उन्होंने मोदी सरकार की भ्रष्टाचार के तरीके का खुलासा करते हुए कहा जैसे छापा डालकर चंदे की वसूली कैसे होती है। चंदा लेकर ठेका कैसे बांटा जाता है। भ्रष्टाचारियों को धुलने वाली वाशिंग मशीन कैसे काम करती

है। एजेंसियों को वसूली एजेंट बनाकर 'बेल और जेल' का खेल कैसे होता है।

गांधी ने कहा 'भ्रष्टाचारियों का अड्डा' बन चुकी भाजपा ने अपने नेताओं के लिए इस 'क्रैश कोर्स' को अनिवार्य कर दिया है, जिसकी कीमत देश चुका रहा है इंडिया गठबंधन की सरकार, भ्रष्टाचार के इस स्कूल पर ताला लगा कर इस कोर्स को हमेशा के लिए बंद कर देगी।

महानदी नाव हादसा, सभी 8 शव निकाले गए

छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा में पलटी थी नाव; सुरक्षित बचे 50 ग्रामीणों को बस से किया गया रवाना

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की सीमा से लगे ओडिशा के रेंगाली थाना क्षेत्र के शर्धा महानदी घाट पर नाव पलटने से 8 लोगों की मौत हो गई।

एक महिला राधिका निषाद का शव शुक्रवार को ही बरामद कर लिया गया था बाकी 7 लोगों के शव शनिवार को बरामद किया गया। 8वां शव घसनीन राठिया का निकाला गया है। महानदी में शनिवार सुबह से ही रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

गोताखोरों के साथ भुवनेश्वर से पहुंचे स्कूबा डाइवर्स की टीम खोजबीन में जुटी हुई थी। इस बीच

सुबह करीब 8.20 बजे 7 साल के पीकू राठिया, निवासी अंजोरीपाली, ब्लॉक खरसिया का शव बरामद किया गया। इसके बाद गोताखोरों ने दो शव और निकाले।

जिनमें एक महिला राधिका राठिया और एक बच्चे नवीन राठिया का भी शव मिला। इसके अलावा लक्ष्मी राठिया, कुणाल राठिया, तेरसबाई राठिया के शव भी मिले। वहीं, सुरक्षित बचे 50 ग्रामीणों को बस से उनके गांव रवाना किया गया है।

सोनभद्र में सड़क हादसे में तीन की मौत

एजेंसी

सोनभद्र । उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के राबर्टसगंज कोतवाली क्षेत्र में शनिवार रात रिश्तेदारी में आये तीन लोगों की ट्रक की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि चुर्क मुसही गांव स्थित रिश्तेदारी में आए तीन लोगों की ट्रक से कुचल कर मौत हो गई। तीनों मृतकों में दो मैनपुरी व एक एटा का निवासी था।

वे शनिवार की रात किसी बारात में शामिल होने आए थे। रात को सवा आठ बजे हुई घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रक चालक मौके पर वाहन छोड़ कर भाग गया। उन्होने बताया कि एटा जिले के एटा थाना क्षेत्र के सैनी कला गांव निवासी सुनील(25) व मैनपुरी जिला के कंजर गांव निवासी राजेश(30ष) और मैनपुरी जिले के खैरा गांव निवासी जितेंद्र (35) अपने रिश्तेदारी में आए थे।

बारिश से फसलों को हो रहा नुकसान

बारिश फसल के लिए आवश्यक होती है, लेकिन अत्यधिक बारिश या गलत समय पर हुई बारिश से फसल को नुकसान हो सकता है। ऐसे में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इस लेख में, हम बारिश से फसल पर होने वाले नुकसान और इसके परिणामों के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे।

बारिश से फसल को नुकसान

जल जमाव : अत्यधिक बारिश के कारण खेतों में जल जमाव हो सकता है, जिससे फसल की जड़ें डूब सकती हैं। यह फसल के विकास में बाधा डालता है और पौधे मुरझा सकते हैं।

फफूंद संक्रमण: बारिश के कारण उच्च नमी स्तर बढ़ जाता है, जिससे फफूंद संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। यह फसल की गुणवत्ता और उपज दोनों को प्रभावित कर सकता है।

मृदा अपरदन: भारी बारिश के कारण मिट्टी का अपरदन हो सकता है, जिससे पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। यह फसल की वृद्धि को प्रभावित करता है और उपज में कमी आती है।

फसल का बर्बाद होना: अत्यधिक बारिश के कारण फसल पानी में बह सकती है या सड़ सकती है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

बाजार मूल्य में गिरावट : बारिश से खराब हुई फसल की गुणवत्ता कम हो जाती है, जिससे बाजार में उसकी कीमत गिर सकती है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान होता है। किसानों की आर्थिक स्थिति: बारिश से फसल के खराब होने पर किसानों को आर्थिक नुकसान होता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है।

खाद्य संकट : फसल की उपज में कमी आने के कारण खाद्य संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

बेरोजगारी : किसानों की आय में कमी आने से ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी बढ़ सकती है। कृषि अर्थव्यवस्था पर प्रभाव : बारिश से फसल के नुकसान का असर कृषि अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है, जिससे समग्र आर्थिक विकास पर असर हो सकता है।

बारिश से फसल को नुकसान से बचाव के उपाय

सिंचाई प्रणाली में सुधार : जल निकासी प्रणाली को सुधारकर जल जमाव की समस्या को रोका जा सकता है।

फसल का विविधीकरण : विभिन्न प्रकार की फसलें उगाकर किसान अपने जोखिम को कम कर सकते हैं।

फसल बीमा : किसानों को फसल बीमा करवाना चाहिए ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। फसल सुरक्षा उपाय : फफूंद संक्रमण से बचने के लिए फसल सुरक्षा उपायों का पालन करना चाहिए। आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रयोग: उन्नत कृषि तकनीकों का प्रयोग करके किसानों को मौसम के बदलावों से बेहतर तरीके से निपटना चाहिए।

बारिश से फसल को होने वाले नुकसान और इसके परिणाम गंभीर हैं, लेकिन उचित उपायों से इनसे बचा जा सकता है। किसानों को जागरूकता, शिक्षा, और सरकारी सहायता की आवश्यकता है ताकि वे प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम कर सकें और अपनी फसल की गुणवत्ता और उपज को बनाए रख सकें।

भगवान महावीर की जन्म जयन्ती- 21 अप्रैल, 2024

भगवान महावीर हैं सार्वभौम धर्म के प्रणेता

- ललित गर्ग -

सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। वे सार्वभौम धर्म के प्रणेता थे, उनके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना थी। इस वर्ष भगवान महावीर की 2550 वां निर्वाण महोत्सव मनाया जा रहा है, उनकी जन्म जयन्ती एवं निर्वाण महोत्सव न केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिये बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिये उन्नत जीवन का आधार है, निर्वाण महोत्सव का भव्य आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम् सभागार में 21 अप्रैल, 2024 को चारों जैन सम्प्रदायों के आचार्यों, मुनिराजों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में करेंगे।

भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'अहिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दु:ख न दें। 'आत्मान: प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत'' इस भावना के अनुसार दूसरे व्यक्तियों से ऐसा व्यवहार करें जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं। इतना ही नहीं सभी जीव-जन्तुओं के प्रति अर्थात् पूरे प्राणी मात्र के प्रति अहिंसा की भावना रखकर किसी प्राणी की अपने स्वार्थ व जीभ के स्वाद आदि के लिए हत्या न तो करें और न ही करवाएं और हत्या से उत्पन्न वस्तुओं का भी उपभोग नहीं करें।

एक बार महावीर और उनका शिष्य गोशालक एक घने जंगल में विचरण कर रहे थे। जैसे ही दोनों एक पौधे के पास से गुजर रहे थे। शिष्य से दुश्मन बन चुके गोशालक ने महावीर से कहा, यह पौधा देखिए, क्या सोचते हैं आप, इसमें फूल लगेंगे या नहीं लगेंगे?

महावीर आंख बंद करके उस पौधे के पास खड़े हो गए, और कुछ देर बाद आंखें खोलते हुए उन्होंने कहा, फूल लगेंगे। गोशालक ने महावीर का कहा सत्य न हो, इसलिये तत्काल पौधे को उखाड़ कर फेंक दिया, और जोर-जोर से हंसने लगा। महावीर उसे देखकर मुस्कराए। सात दिन बाद दोनों उसी रास्ते से लौट रहे थे। जैसे ही दोनों उस जगह पहुंचे, जहां गोशालक ने पौधा उखाड़ा था, उन्होंने देखा कि वह पौधा खड़ा है।

इस बीच तेज वर्षा हुई थी, उसकी जड़ों को वापस जमीन ने पकड़ लिया, इसलिए वह पौधा खड़ा हो गया था।

महावीर फिर आंख बंद करके उसके पास खड़े हो गए। पौधे को खड़ा देखकर गोशालक बहुत परेशान हुआ। गोशालक की उस पौधे को दोबारा उखाड़ फेंकने की हिम्मत न पड़ी। महावीर हंसते हुए आगे बढ़े। गोशालक ने इस बार हंसी का कारण जानने के लिए उनसे पूछा, आपने क्या देखा कि मैं फिर उसे उखाड़ फेंकूगा या नहीं?

तब महावीर ने कहा, यह सोचना व्यर्थ है। अनिवार्य यह है कि यह पौधा अभी जीना चाहता है, इसमें जीने की ऊर्जा है, और जिजीविषा है। तुम इसे दूबारा उखाड़ फेंक सकते हो या नहीं- यह तुम पर निर्भर है। लेकिन पौधा जीना चाहता है, यह महत्वपूर्ण है। तुम पौधे से कमजोर सिद्ध हुए और हार गए। और जीवन हमेशा ही जीतता है। जीवन में आने वाली मुश्किलों का सामना करने के लिए जरूरी है, आशावादी रहना।

भगवान महावीर का जन्म दिवस एक दस्तक है। उन्होंने बाहरी लड़ाई को मूल्य नहीं दिया, बल्कि स्व कर सुरक्षा में आत्म-युद्ध को जरूरी बतलाया। उन्होंने जो कहा, सत्य को उपलब्ध कर कहा। उन्होंने सबके अस्तित्व को स्वीकृति दी। 'णो हीणे णो अइरित्ते'-उनकी नजर में न कोई ऊंचा था, न कोई नीचा। उनका अहिंसक मन कभी किसी के सुख में व्यवधान नहीं बना। उन्होंने अपने होने का अहसास जगाकर अहं को खड़ा नहीं होने दिया। इसीलिये उनकी शिक्षाओं एवं उपदेशों का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में विशेष महत्व है। हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्राय: सन्नाटा देखने को मिलता है। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं करते हैं। हम केवल कर्मकाण्ड और पूजा विधि में ही लगे रहते हैं। महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- 'पुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है।' औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या? इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है।

भगवान महावीर कितना सरल किन्तु सटीक कहा हैं- सुख सबको प्रिय है, दु:ख अप्रिय। सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। हम जैसा व्यवहार स्वयं के प्रति चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार दूसरों के प्रति भी करें। यही मानवता है और मानवता का आधार भी। मानवता बचाने में है, मारने में नहीं। किसी भी मानव, पशु-पक्षी या प्राणी को मारना, काटना या प्रताड़ित करना स्पष्टत: अमानवीय है, क्रूरतापूर्ण है। हिंसा-हत्या और खून-खच्चर का मानवीय मूल्यों से कभी कोई सरोकार नहीं हो सकता। मूल्यों का सम्बन्ध तो 'जियो और जीने दो' जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है।

एक और महत्वपूर्ण प्रश्न है, क्या सुख को स्थायी बनाया जा सकता है? क्या दु:ख को समाप्त किया जा सकता है? इसका सीधा उत्तर होगा कि भौतिक जगत में ऐसा होना कभी संभव नहीं है। जब तक भौतिक जगत में जीएंगे तब तक यह स्वप्न लेना दिवास्वप्न है, कल्पना करना आकाश कुसुम जैसा है। आकाश में कभी फूल नहीं लगता। यह असंभव बात है कि इंद्रिय जगत में आदमी जीए और वह सुख या दु:ख एक का ही अनुभव करे, यह द्वंद्व बराबर चलता रहेगा। तब व्यक्ति के मन में एक जिज्ञासा पैदा होती है कि ऐसा कोई उपाय है जिससे सुख को स्थायी बनाया जा सके? इसका समाधान है स्वयं का स्वयं से साक्षात्कार। इसके लिये जरूरी है हर क्षण को जागरूकता से जीना। उसको जीने के लिये भगवान महावीर ने कहा था-'खणं जाणाहि पंडिए', जो क्षण को जानता है, वह सुख और दु:ख के निमित्त को जानता है।

आज मनुष्य जिन समस्याओं से और जिन जटिल परिस्थितियों से घिरा हुआ है उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। जरूरी है कि हम महावीर ने जो उपदेश दिये उन्हें जीवन और आचरण में उतारें। हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करे, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो।

जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो। भगवान महावीर का संपूर्ण जीवन तप और ध्यान की पराकाष्ठा है इसलिए वह स्वत: प्रेरणादायी है। उनके उपदेश जीवनस्पर्शी हैं जिनमें जीवन की समस्याओं का समाधान निहित है। वे चिन्मय दीपक हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को हरता है। वे सचमुच प्रकाश के तेजस्वी पुंज और सार्वभौम धर्म के प्रणेता हैं।

वे इस सृष्टि के मानव-मन के दु:ख-विमोचक हैं। पदार्थ के अभाव से उत्पन्न दु:ख को सद्भाव से मिटाया जा सकता है, श्रम से मिटाया जा सकता है किंतु पदार्थ की आसक्ति से उत्पन्न दुख को कैसे मिटाया जाए? इसके लिए महावीर के दर्शन की अत्यंत उपादेयता है।

टाईम पास

चुनाव कराने में निर्वाचन आयोग को सहयोग करने की जरूरत

अगर कोई राजनीतिक दल अपने कामकाज और सैद्धांतिक प्रभाव से मतदाता का विश्वास अर्जित नहीं कर पाता, तो उसे जीत का कोई नैतिक अधिकार नहीं रह जाता।

आम चुनाव के पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया। ज्यादातर इलाकों में तेज गर्मी के बावजूद लोगों में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। हालांकि कुछ जगहों पर हिंसक घटनाओं ने जरूर लोकतंत्र के इस उत्सव को बदरंग करने की कोशिश की, पर अच्छी बात है कि उनसे मतदाताओं और मतदान की प्रक्रिया पर बहुत नकारात्मक असर नहीं देखा गया।

मणिपुर लंबे समय से जातीय हिंसा की चपेट में है और वहां पहले से चुनाव के विरोध का स्वर उभर रहा था। इसलिए अगर कुछ मतदान केंद्रों पर उपद्रव की घटनाएं हुईं, तो इसकी वजहें समझी जा सकती हैं। वहां चुनाव कराना निर्वाचन आयोग के सामने बड़ी चुनौती थी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक मतदान केंद्र के पास नक्सलियों ने विस्फोट किया।

यह भी कोई अनपेक्षित घटना नहीं थी, क्योंकि मतदान से दो दिन पहले ही वहां सुरक्षाबलों ने उनतीस नक्सलियों को मार गिराया था। उस घटना की प्रतिक्रिया में हमले की आशंका पहले से थी। हालांकि वहां भी कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और मतदान की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न नहीं हुई। मगर पश्चिम बंगाल में जिस तरह की हिंसा देखी गई, वह जरूर चिंता पैदा करती है।

पश्चिम बंगाल के हर चुनाव में हिंसा की आशंका बनी रहती है। पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता छोटी-छोटी बातों को लेकर गुत्थमगुत्था होते और हिंसक घटनाएं करते देखे जाते रहे हैं, उसमें इस चुनाव में भी व्यापक हिंसा की आशंका पहले से जताई जा रही है। उसकी शुरुआत कूचबिहार में देखी गई।

वहां भाजपा के प्रत्याशी ने आरोप लगाया कि राज्य के सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता लोगों को धमकाने और मतदान से रोकने का प्रयास करते रहे। यही आरोप तृणमूल कांग्रेस ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाए। उपद्रवियों की धर-पकड़ और हिंसा पर काबू पाने के क्रम में की गई तलाशी में कई बम भी बरामद किए गए। जाहिर है, हिंसा की तैयारियां वहां पहले से की गई थीं।

पश्चिम बंगाल के हर चुनाव में निर्वाचन आयोग अतिरिक्त रूप से सतर्क रहता है। इसलिए भी कूचबिहार में किसी बड़ी घटना की साजिशों को रोकने में कामयाबी मिल गई। मगर अभी वहां बाकी चरणों के चुनाव होने हैं, जिनमें हिंसा की आशंका बनी हुई है। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में निर्वाचन आयोग का सहयोग करे। यह ठीक है कि राजनीतिक दल अपनी विजय सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश करते हैं। मगर इसका लोकतांत्रिक तरीका होता है। ऐसा नहीं कि प्रतिद्वंद्वी दल के कार्यकर्ताओं पर हिंसक हमले करके उन्हें मतदान से रोका और अपने पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने का प्रयास किया जाए।





अगर कोई राजनीतिक दल अपने कामकाज और सैद्धांतिक प्रभाव से मतदाता का विश्वास अर्जित नहीं कर पाता, तो उसे जीत का कोई नैतिक अधिकार नहीं रह जाता। मगर कुछ समय से धनबल और बाहुबल के जरिए चुनाव को अपने पक्ष में करने की अनैतिक कोशिशें बढ़ी हैं। लोकतंत्र मतदाता के भरोसे और विश्वास पर टिका होता है, अनैतिक तरीकों से मत अर्जित कर सत्ता में पहुंचे लोगों से लोकतंत्र की सुरक्षा की उम्मीद नहीं की जाती।



काकुरो पहेली - 3158

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3157 का हल

हंसी के फूव्वारें

तुम्हारे घर में किसका शासन चलता है?

अपनी जगह सभी शासन करते हैं.

वह कैसे?

मेरी पत्नी बच्चों पर शासन करती है, बच्चे नौकरों को डांटते रहते हैं और मैं कुत्ते-बिल्लयों को झिड़कता रहता हूँ.

□ □ □

मोहन तुम आजकल स्कूल में कैसे चल रहे हो?



मोहन बोला- वाह पापाजी, मैं कभी आपसे आपके ऑफिस के बारे में बात करता हूँ?

□ □ □

थका हुआ पति: आज शाम का घूमना तो रद्द करो.

पत्नी: आप तो सवेरे से ही कह रहे थे मैं तो तभी से मेकअप कर रही थी अब पूरा हुआ तो आप मना करने लगे.

□ □ □

दस साल के एक लड़के का दांत निकालने के बाद डॉक्टर ने उसके बाप से कहा-लाओ पांच रुपये.

पांच रुपये? मगर आपने तो पहले कहा था कि आप दांत उखाड़ने का एक रुपया लेते हैं.

ठीक है, मगर आपके लड़के की चिल्लाहट सुनकर दांत उखड़वाने के लिए आये हुए मेरे चार रोगी भी तो चले गये.

फिल्म वर्ग पहेली - 3158

बायें से दायें:-

१. राजेश खन्ना, स्मिता की 'दुनिया में कितना गम है' गीत वाली फिल्म-३
३. बॉबी, काजोल, मीनाषा की 'दुनिया हसीनों का' गात वाली फिल्म-२
६. अनिल, मीनाक्षी की 'सौ सवालों का जवाब' गीत वाली फिल्म-३
७. 'यूं हसरतों के दाग' गात वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
८. अनिल, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
९. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
१२. राजेश खन्ना को फिल्म जगत में किस नाम से जाना जाता है?-२
१४. फिल्म 'कॉफी हाउस' में नायिका कौन थी?-२
१६. 'आजकल पाँव जमी' गीत वाली विनोद मेहरा, रेखा की फिल्म-२
१७. राजेश, ऋषि, पूनम की 'रंग चला बहार चली' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'मेरा रंगदे बसंती' गीत वाली मनोज कुमार, प्रेम चोपड़ा की फिल्म-३
२१. जैकी, मनीषा की 'लड़की जो आए बाजाक में' गीत वाली फिल्म-३
२२. भारतीय सिनेमा की 'वीनस' मधुबाला की अंतिम फिल्म-२
२३. 'सर से सरक गई' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२७. अमिताभ, अमृता की 'विल यू मैरी मी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२
३०. सनी, डिम्पल की 'भूरी भूरी आँखों वाला' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिल, माधुरी की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली फिल्म-२
२. धर्मेन्द्र, नसीर, आदित्य, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३. आमिरखान, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
४. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षय, करिश्मा की फिल्म-३
५. 'बदन में चाँदनी' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'तूने बेचैन इतना ज्यादा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जब दिल से दिल' गीत वाली दिलीप, संजीव कुमार, वैजयंती की फिल्म-३
१३. धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
१५. फिल्म 'हम है राही प्यार के' में नायिका कौन थी-२
१८. 'क्या लिखूं कैसे लिखूं' गीत वाली फिल्म-२,४
१९. फिल्म 'कश्मीर की कली' में नायिका कौन थी-३
२०. जीतेंद्र, राजेश खन्ना, नंदा की 'किस लिए मैंने' गीत वाली फिल्म-१,२
२१. 'कई सदियों से' गीत वाली शत्रुघ्न, रीना राय की फिल्म-३
२४. अनिल, माधुरी की 'खुशियों का दिन आया है' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'कोई हमदम न रहा' गीत वाली फिल्म-३
२६. सलमान, संजय, शिल्पा की 'अरे बाबा अरे बाबा' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 3157

सूडोकु -3158

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.



सूडोकु -3157 का हल

शब्द पहेली - 3158

बाएँ से दाएँ

1.राजा का पुत्र-5
4.मन को हरने वाला-4
7.काल,समय,पीरियड-2
8.खोदना-3
9.मोटा आटा-2
10.पशु,मवेशी-4
11.जलापूर्ति का साधन-2
13.पुत्र,बेटा-3
14.क्षार,खारा-2
15.दर,मूल्य-3
17.नौका-2
19.नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22.लालन-पालन-5
25.अच्छा,भला-2
26.पूर्ण करना-3
28.गोष्ठी,सम्मेलन-2
29.हुनरमंद-3
30.पिता का भाई -2
32.कुरुपता-4
34.इसाई साध्वी -2
36.टेंशन,परेशानी-3
37.खुजली -2
38.अशक्त,निर्बल-4
39.नगर में रहनेवाला-5

ऊपर से नीचे

1.झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2.सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3.सार-संभाल-2,3
4.विचार करना-3
5.प्रत्येक-2
6.परंपरा,धर्मविधी-4
7.आवास, गरीबखाना-5
10.संपत्ति-4
12.भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16.भालू-बंदर नचाने वाला-3
17.मां की मां-2
18.भय,खौफ-2
20.वेग,गति-3
21.मुंह,चेहरा-2
22.पैर,ओहदा-2
23.वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24.शकरगंजी,कंद-5
25.सभागार,सभाकक्ष-5
26.भयंकर,खतरनाक-4
27.मोड़-2
31.कायर,डरपोक-3
33.तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35.भीगा हुआ-2
37.नौकरानी-2

शब्द पहेली -3157 का हल

हाईस्कूल में तनिश, इंटर में निधि ने किया नोएडा टॉप

तनिश को 95.83 प्रतिशत और निधि को 93.88 प्रतिशत मार्क्स मिले

नोएडा। यूपी बोर्ड की 10वी और 12वीं परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है। जिसके बाद स्कूलों में कंप्यूटर पर छात्र-छात्राओं को परीक्षा का परिणाम दिखाया जा रहा है। इस बाद गौतमबुद्ध नगर में 10वीं में कुल 22 हजार 828 छात्र छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें से 21 हजार 554 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। वहीं 20 हजार 501 छात्र-छात्राएं पास हुआ। परीक्षा परिणाम 95.11 त्न रहा। पिछले साल 10वीं में परीक्षा परिणाम 93.03 प्रतिशत रहा। इस बार दो प्रतिशत और बेहतर परिणाम रहा।

इस बार गौतबुद्ध नगर में तनिश ने टॉप किया है। तनिश को 95.83 प्रतिशत अंक मिले है। तनिश एसडीएस इंटर कॉलेज नवादा दनकौर का छात्र है। वहीं दूसरे स्थान पर योगेंद्र है। योगेंद्र को 95.17 प्रतिशत अंक मिले है। वो डाल चंद शर्मा मिथिलेश देवी ज्ञान दीप इंटर कॉलेज का स्टूडेंट है।

वहीं तीसरे स्थान पर खुशी कुमारी बीआर इंटर कॉलेज नोएडा की छात्रा है। खुशी ने 94.83 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं 12वीं की परीक्षा में इस बार 191709 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। 18554 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी।

वहीं 15764 छात्र-छात्राओं पास हुए। इस बार का परीक्षा परिणाम 84.96 प्रतिशत रहा। वहीं विगत साल 12वीं में 82.14 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। इस बार 12वीं में निधि रानी ने जिला टॉप किया।

निधि ने 93.88 प्रतिशत अंक हासिल किए। वे मिहिर भोज गर्ल्स इंटर कॉलेज की स्टूडेंट है। वहीं दूसरे स्थान पर नीरज सोलंकी रहे।

नीरज ने 93.40 प्रतिशत अंक हासिल किए। नीरज शिवराज शर्मा इंटर कॉलेज का छात्र है।

वाहन चालकों को डेढ़ माह तक चुभेगा जाम का दर्द

नोएडा। एलिवेटेड रोड पर जारी मरम्मत कार्य की वजह से चालकों को करीब डेढ़ माह तक जाम से जूझना पड़ेगा। नोएडा प्राधिकरण कई चरणों में मरम्मत कार्य करेगा। ट्रैफिक पुलिस इस रास्ते से रोजाना गुजरने वाले करीब पांच लाख वाहनों के आवागमन सुगम करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस चालकों करे एलिवेटेड रोड के बजाय वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करने की सलाह दे रही है। दरअसल, कालिंदी कुंज, डीएनडी, ग्रेटर नोएडा से नोएडा एक्सप्रेसवे और फिल्म सिटी से होकर गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और सेक्टर-62 की ओर जाने वाले वाहन चालकों के लिए करीब साढ़े पांच किमी नोएडा एलिवेटेड रोड का निर्माण कराया गया था। रोड के सेक्टर-18 से 60 की ओर जाने वाले कैरिज्वे की मरम्मत का कार्य जारी है। फिलहाल सेक्टर-60 से 18 के कैरेज्वे पर वाहन फर्राटा भर रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सेक्टर-18 से 60 के बीच निर्माण कार्य पूरा होने के बाद दूसरी तरफ सेक्टर-60 से 18 के बीच रोड को बंद कर मरम्मत का काम शुरू कराया जाएगा।

बकाया 6400 करोड़, वसूली केवल 168 करोड़

एजेंसी

नोएडा। अमिताभ कांत कमेटी की सिफारिशों के लागू होने के बाद केवल 19 बिल्डरों ने नोएडा प्राधिकरण में 168 करोड़ रुपये जमा कराए हैं। जबकि 57 बिल्डरों पर छूट के बाद 6400 करोड़ रुपये की देनदारी बन रही है। जिन बिल्डरों ने पैसे जमा कराए हैं उन पर ज्यादा बकाया नहीं था। वहीं, सिफारिशों के लागू होने के बाद अब तक केवल 325 रजिस्ट्री हुई है।

अहम है नोएडा प्राधिकरण से वार्ता के बाद 42 बिल्डरों ने बकाया जमा कराने के लिए सहमति दी थी। इनमें से 19 ने ही पैसे जमा कराए। बाकी के 23 बिल्डरों ने बगैर पैसे जमा कराए प्राधिकरण के पैकेज पर साइन कर दिए हैं।

जबकि अभी भी नोएडा के 15 बिल्डरों के साथ प्राधिकरण के पैकेज पर साइन करने के बाबत सहमति नहीं बन पाई है। इनमें से पांच ऐसे हैं जो कि प्राधिकरण से वार्ता कर चुके हैं। पैकेज साइन करने पर सहमति भी दे चुके हैं। लेकिन वार्ता के बाद अब आनाकानी कर रहे हैं।

पूरी हो चुकी परियोजनाओं का कुल बकाया 8000 करोड़

नोएडा की 57 पूरी हो चुकी और अधूरी परियोजनाओं पर 8000 करोड़ बकाया है। इनको कोविड काल की छूट देने के बाद करीब 20 प्रतिशत राशि कम हो रही है। ऐसे में छूट के बाद बकाये की राशि 6400 करोड़ रुपये होगी। वहीं अगर अधूरी परियोजनाओं का भी बकाया जोड़ दिया जाए तो कुल बकाया 28 हजार करोड़ बनता है। लेकिन इनमें से अधिकांश मामले कोर्ट में हैं। यूनिटेक पर ही अकेले करीब 9 हजार करोड़ का बकाया है। ऐसे ही नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में 17 परियोजनाएं हैं। बाकी परियोजनाएं दूसरी कोर्ट में हैं।

नोएडा में कार से 4.53 लाख का कैश बरामद

नोएडा। काली कमाई को कोई लोकसभा चुनाव में न खपा सके इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस जिला प्रशासन की अन्य टीमों के साथ मिलकर व्यापक स्तर पर चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में टीमों ने चेकिंग करते हुए शनिवार को चिल्ला बॉर्डर के पास एक होंडा इमेज कार के अंदर से 4 लाख 53 हजार 800 रुपए का कैश बरामद किया। कार सवार सेक्टर-47 निवासी जितेंद्र बोहरा कैश में संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। ऐसे में टीमों ने रकम को कोष में जमा करा दिया।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को भी कैश की बरामदगी के संबंध में जानकारी दे दी गई है। फेज वन थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस की टीमें चिल्ला बॉर्डर दिल्ली से नोएडा मार्ग पर बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही हैं ताकि कोई भी मानक से ज्यादा नकदी लेकर सफर न कर सके। लोकसभा चुनाव के कारण देशभर में आचार संहिता लगी हुई।

ऐसे में चुनाव को प्रभावित करने वाले धन, शराब और गिफ्ट देने के पैतरे को नाकाम करने के लिए पुलिस प्रशासन बेहद सक्रिय है। अगर कोई 50 हजार रुपए से ज्यादा की नगदी अपने साथ लेकर निकलता है तो पुलिस के शिकंजे में फंस सकता है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर की गई टेस्टिंग

जेवर एयरपोर्ट के रनवे से गुजरा विमान, केबिन से बनाया गया वीडियो

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की गुरुवार को टेस्टिंग की गई। इस दौरान रनवे के ऊपर से पहला विमान गुजारकर देखा गया कि यहां लगे इक्विपमेंट्स ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं, साथ ही यह भी परखा गया कि यह एयरपोर्ट परिचालन के लिए कितना तैयार है।

इसके लिए बीचक्राफ्ट किंग एयर बी-300 ने गुरुवार को आसमान में उड़ान भरी, जिसका वीडियो अब सामने आया है। बताया जा रहा है कि परीक्षण के बाद दिसंबर 2024 में एयरपोर्ट चालू हो सकेगा। इसके बाद साल 2026 में 94 लाख से लेकर 1.17 करोड़ यात्री इस एयरपोर्ट के जरिये आवागमन कर सकेंगे।

फ्लाइट के केबिन से बनाया गया वीडियो

दरअसल, ग्रेटर नोएडा के जेवर में बन रही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान भरने का एक वीडियो भी सामने आया है। इसे फ्लाइट के केबिन से बनाया गया है। इसमें देखा जा सकता है कि किस तरह से फ्लाइट आसमान से उड़ते हुए रनवे के ऊपर से गुजर रहा है। यह नजारा अपने आप में बहुत दिलचस्प लग रहा था। कैलिब्रेशन फ्लाइट के माध्यम से एयरपोर्ट के रनवे की सुरक्षा व्यवस्था की जांच-पड़ताल की गई।

कॉमर्शियल फ्लाइट्स को चलाने से पहले कैलिब्रेशन फ्लाइट टेस्ट किया जाता है

बताते चलें कि कैलिब्रेशन फ्लाइट नेविगेशन ऐड, रनवे पर लाइट की व्यवस्था और एयरस्पेस के प्रशिक्षण के लिए होती है। कॉमर्शियल फ्लाइट्स को चलाने से पहले कैलिब्रेशन फ्लाइट टेस्ट किया जाता है। सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर यह जानकारी दी गई है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने एक्स पर लिखा, 'नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर साफ और धूप वाले दिन ने डीवीओआर कैलिबरेशन फ्लाइट के लिए बेहतरीन मंच प्रदान किया, जो ऐसी तमाम उड़ानों में से पहली उड़ान है। बीचक्राफ्ट किंग एयर बी300 ने आसमान में उड़ान भरी, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि एयरपोर्ट अथॉरिटी आफ इंडिया (एएआई) के सभी उपकरण बाधारहित तरीके से काम कर रहे हैं।' इस वीडियो को इस तरह से बनाया गया है, जिसे देखने के बाद ऐसा लगेगा कि आप भी केबिन में पायलट के साथ हों।

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर नींद की झपकी के कारण भीषण-हादसा

एक ट्रक के चालक हुई मौत, गाजियाबाद से पलवल जाते वक्त हुआ हादसा

जेवर। नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। आगे चल रहे एक ट्रक से पीछे से दूसरा ट्रक टकरा गया। बताया जाता है कि अचानक ब्रेक लगने के कारण पीछे आ रहे ट्रक की टक्कर हो गई। भीषण हादसे में पीछे के ट्रक का चालक केबिन में फंसकर गम्भीर रूप से घायल हो गया।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस और एक्सप्रेसवे कर्मियों ने घायल को रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बाहर निकालकर ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर

दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है

नींद की झपकी आने के कारण हुआ हादसा

पुलिस ने बताया कि यूपी के जौनपुर के सिकरारा थाना क्षेत्र के बडोली अहिरान गांव निवासी विजेंद्र यादव(48) कई काफी वर्षों से ट्रक चलाते थे। वह ट्रक लेकर गाजियाबाद की तरफ से पलवल की तरफ जा रहे थे। शुक्रवार की रात करीब डेढ़ बजे जब उनकी गाड़ी ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर दनकौर क्षेत्र में पहुंची तो आगे चल रहे अन्य ट्रक के चालक ने नींद की झपकी आने के कारण अचानक ब्रेक लगा दिए।

चालक अपनी गाड़ी के केबिन में फंस गया

इस दौरान पीछे चल ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। इसके चलते चालक विजेंद्र यादव अपनी गाड़ी के केबिन में फंस गया। हादसे के बाद आरोपी चालक अपने ट्रक को मौके पर छोड़कर से फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दो। जिसके बाद घायल को ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है की पीड़ित परिवार की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने मांगी 2013 से नोएडा प्राधिकरण में तैनात रहे अधिकारियों की सूची

नोएडा। सुप्रीम कोर्ट ने बीते सोमवार को गेझा तिलपताबाद के किसानों को दिए गए अतिरिक्त मुआवजे मामले में सुनवाई के दौरान 1 जनवरी 2013 के बाद नोएडा प्राधिकरण में तैनात रहे अफसरों की सूची मांगी है। कोर्ट ने यूपी सरकार और नोएडा प्राधिकरण को कई निर्देश भी दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने सुनवाई के दौरान यूपी सरकार और नोएडा प्राधिकरण से ऐसे दो या तीन मामलों का मूल रिकॉर्ड पेश करने को कहा। जिसमें अधिक मुआवजा देने के आरोप हैं। इसके अलावा कोर्ट ने 20 अन्य किसानों के मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने ज्यादा मुआवजा मिलने के आरोपी किसानों को अंतरिम राहत देते हुए अगली सुनवाई तक किसी तरह का एक्शन नहीं लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अगले आदेश तक उनके खिलाफ जांच पर भी रोक लगा दी है। जिन मामलों में कोर्ट ने पहले से राहत दी है उस पर राहत जारी रहेगी। कोर्ट ने अपने आदेश में यूपी सरकार और नोएडा प्राधिकरण को दो सप्ताह का समय दिया है। इस अवधि में मांगी गई जानकारी कोर्ट को उपलब्ध करानी होगी। दरअसल, गेझा तिलपताबाद मामले में प्राधिकरण के अधिकारी वीरेंद्र नागर को निलंबित कर दिया गया था। मामले में कई अन्य अधिकारी भी निलंबित हुए हैं। वहीं प्राधिकरण ने इन अधिकारियों और कुछ किसानों के खिलाफ एफआईआर कराई है।

12वीं का रिजल्ट आने के बाद छात्र ने लगाई फांसी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा स्थित दनकौर कस्बे के एक छात्र ने 12वीं में फेल होने पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया जाता है कि दनकौर के बिहारी लाल इंटर कॉलेज का छात्र गुलशन 12वीं में पढ़ता था। शनिवार को जब परीक्षा परिणाम आया तो वह फेल हो गया। फेल होने पर दुखी छात्र ने अपने कमरे में फांसी का फंदा लटक कर जान दे दी। परिजन घर पर आए तो घटना की जानकारी हुई।

गुलशन अपने पिता डालचंद के साथ कस्बे के गढ़ी मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था। गुलशन के माता पिता मेहनत मजदूरी करते थे। यह भी बताया गया है कि गुलशन ने सुबह को ही इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट अपलोड किया था। पोस्ट में लिखा था कि काफी दिनों से जिसका इंतजार था। आज वह परिणाम जारी होने वाला है। यदि पास हो गया तो ठीक है, वरना अलविदा।

इसके बावजूद भी उसके चहेते और परिचित लोगों ने इस संदेश को गंभीरता से नहीं लिया। सुबह जब मैसेज अपलोड किया गया तो उसके चहते उस पर नजर रखकर उसे आत्महत्या करने से बचा सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर की साइबर सेल भी मृतक के इंस्टाग्राम के इस चेतावनी मैसेज को नोटिस नहीं कर पाई। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

चार साल की बच्ची की अपहरण के बाद हत्या

बिस्कुट लेने के लिए घर से निकली थी, पत्थर से सिर कूचकर खंडहर में फेंका; रेप की आशंका

मोदीनगर। गाजियाबाद में नर्सरी की छात्रा का अपहरण करने के बाद भारी पत्थर से सिर कूच कर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद मासूम बच्ची का शव गांव के खंडहर बने मकान में रजाई में छिपाकर रख दिया। इसके बाद उसके ऊपर पत्थर की सील रख दी। आशंका जताई जा रही है कि हत्या से पहले मासूम के साथ दुष्कर्म हुआ हो। हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

थाना मुरादनगर के रावली सुराना मार्ग स्थित एक गांव निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं। उनकी चार साल की बेटी नर्सरी कक्षा में पढ़ती

थी ,जबकि 6 माह का पुत्र भी है। शुक्रवार शाम चार बजे बच्ची बिस्कुट लेने के लिए अपनी मां से दस रुपए लेकर घर से निकली थी।

जब वह 6 बजे तक अपने घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता और उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने सबसे पहले गांव मुनादी कराकर बच्ची की तलाश की गई। शाम सात बजे के आसपास डायल 112 पर बच्ची के लापता होने की सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद भी पुलिस गांव पहुंची और परिजनों की तलाश शुरू की। बच्ची की तलाश के लिए सोशल मीडिया पर भी अभियान चलाया गया। मुनादी होने के बाद सैकड़ों ग्रामीण बच्ची के घर पहुंच गए और परिजनों के साथ मिलकर उसकी तलाश शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात 8: 30 बजे के आसपास जब ग्रामीण खंडहर बने चुके मकान में पहुंचे तो एक रजाई पड़ी हुई और पर पत्थर रखा हुआ था। जब उसे हटाया तो बच्ची का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। ग्रामीण बच्ची को उठाकर स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए। वहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि जब बच्ची बिस्कुट लेने के लिए दुकान पर जा रही थी तो उसका अपहरण कर लिया गया। अपहरण करने के बाद बच्ची को खाली स्थान पर ले जाया और उसकी पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि आंशका जताई जा रही है कि हत्या करने से पहले बच्ची के साथ रेप भी किया गया हो गया। हालाकि इसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगी।

बच्ची की हत्या की सूचना मिलते ही एसीपी मंसूरी सर्किल व थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के गांव में पहुंचते ही ग्रामीणों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि हत्यारोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाए। एसीपी ने जल्द घटना के खुलासे का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराया।

मारपीट के मामले में फरार दो आरोपी छात्र गिरफ्तार

नोएडा। सेक्टर-125 स्थित निजी विश्वविद्यालय के पास 21 मार्च को फॉर्च्यूनर की सीट पर बैठे छात्र को युवकों द्वारा पीटने के मामले में पुलिस ने शनिवार को दो आरोपियों चिराग खारी निवासी बुलंदशहर और ऋषभ डहालिया निवासी ग्रेटर नोएडा को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। एसीपी नोएडा प्रथम प्रवीण कुमार सिंह ने सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।एसीपी प्रथम की ओर से बताया गया था कि 13 अप्रैल को सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें कुछ लोग टोयोटा फॉर्च्यूनर कार के चालक को कार से खींचकर बुरी तरह से पीट रहे थे। वीडियो का अवलोकन करने पर पता चला कि 21 मार्च को एमिटी यूनिवर्सिटी का छात्र दिल्ली निवासी भव्य सहगल अपनी महिला दोस्त के साथ एटीएस बिल्डिंग के पास मौजूद था। दोपहर एक बजकर पांच मिनट पर हुंडई क्रेटा कार में छह से सात युवक आए और फॉच्यूर्नर सवार भव्य से गाली गलौज करने लगे। भव्य ने हमलावरों की संख्या अधिक होता देख कार से भागकर जान बचाने का प्रयास किया। इसी दौरान क्रेटा से आए हमलावरों ने सुनियोजित हमला भव्य के ऊपर कर दिया। मारपीट के दौरान हमलावरों ने भव्य को कार के अंदर की सीट से खींच लिया और बाहर सड़क पर गिराकर जान से मारने की नीयत से मारपीट की।

शोरूम के पास से नई कार चोरी

नोएडा। सेक्टर-63 स्थित टाटा मोटर्स कंपनी के शोरूम के पास से नेक्शन कार चोरी होने का मामला सामने आया है। हालांकि, कार कब और कैसे चोरी हुई, इसके बारे में प्रबंधन ने कोई जानकारी नहीं दी है। सेक्टर-63 पुलिस को दी शिकायत में आशीष चंद चौहान ने बताया कि वह सागर मोटर में एचआर मैनेजर हैं। यह कंपनी टाटा मोटर्स की अधिकृत डीलरशिप रखती है। आरोप है कि सेक्टर-63 डी-48 स्थित उनके शोरूम के पास से टाटा नेक्शन कार चोरी हो गई। कंपनी के बही खाते का जब हिसाब किताब लगाया जा रहा था, उसी दौरान कार चोरी होने की जानकारी प्रबंधन को हुई। जिसने भी कार चुराई, उसके पास चाबी कैसे पहुंची और कार कब चोरी हुई है, इसके बारे में पुलिस को जानकारी मुहैया नहीं कराई गई है। पुलिस शोरूम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है कि कार कैसे चोरी हुई।

शार्ट न्यूज

मतदाता को बूथ ढूंढने के लिए भटकना नहीं होगा

नोएडा। मतदान वाले दिन मतदाता को अपने पोलिंग बूथ को ढूंढने के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। मतदाता को पोलिंग बूथ का पता बताने के लिए प्रत्येक मतदाता पर्ची पर क्यूआर कोड रहेगा, जिसे मोबाइल पर स्कैन करते ही पोलिंग बूथ का पूरा विवरण पता चल जाएगा। अक्सर चुनावों में देखा जाता है कि मतदाता अपने पोलिंग बूथ को ढूंढने के लिए इधर उधर दौड़ते और भटकते रहते हैं। इस दौरान उन्हें पुलिसकर्मियों की फटकार भी झेलनी पड़ती है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। प्रशासन ने मतदाता की परेशानी दूर करने के लिए क्यूआर कोड की सुविधा विकसित की है। बता दें कि जिले में दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को चुनाव होना है। ऐसे में अब तैयारियां जोरो पर है। मतदाता के पास पर्चियां पहुंचनी शुरू हो गई है। गौतमबुद्धनगर की पांचों विधानसभा से इस बार लोकसभा चुनाव में 27.75 लाख के करीब मतदाता वोट करेंगे। इनमें महिलाओं की संख्या भी आधी के बराबर है। वहीं, घर से वोट डालने की इच्छा जताने वाले बुजुर्ग व दिव्यांग भी मतदान कर चुके हैं।

बाल बड़े होने पर स्कूली शिक्षक ने कक्षा-4 के छात्र को बेरहमी से पीटा

ग्रेटर नोएडा। बाल बड़े होने पर स्कूली शिक्षक ने कक्षा-4 के छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। सूरजपुर क्षेत्र में स्कूल में पढ़ने वाले छात्र के शरीर पर मारपीट के निशान बन गए हैं। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। जिसकी जानकारी पुलिस तक भी पहुंची है। हालांकि मामले में स्कूल प्रबंधन के माफी मांगने के बाद छात्र के परिजनों ने पुलिस से शिकायत नहीं की है। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार को छात्र ने स्कूल जाने से इन्कार कर दिया। परिजनों के पूछने पर उसने स्कूल में शिक्षक के पिटाई करने की जानकारी दी। साथ ही शरीर पर चोट के निशान दिखाए। छात्र ने बताया कि बाल बड़े होने के चलते शिक्षक ने उसे पीटा था। इसके नाराज परिजन स्कूल पहुंच गए। सीसीटीवी कैमरों की जांच में भी पिटाई की बात सामने आ गई। थाना सूरजपुर प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने स्कूल पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। इस बीच स्कूल प्रबंधन की ओर से घटना के लिए माफी मांगी गई। इसके बाद ही अभिभावकों का रुख नरम पड़ गया। मामले में परिजनों की ओर से पुलिस को शिकायत नहीं दी गई है।



पूर्व वैज्ञानिक की बहन का फ्लैट में मिला शव

साहिबाबाद। कोतवाली क्षेत्र के लाजपतनगर स्थित जी ब्लॉक में शुक्रवार रात पूर्व वैज्ञानिक की बहन गीता (39) का शव फ्लैट में फर्श पर पड़ा मिला। भाई काफी देर से बहन के शव के पास बैठे थे। पड़ोसी की सूचना पर पुलिस और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। भाई को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। लाजपतनगर में रहने वाले किशोर कुमार नैयर (49) करीब पांच साल पहले साउथ अफ्रीका में वैज्ञानिक थे। नौकरी छूटने के बाद वह अपनी बहन गीता (39) के साथ फ्लैट में रहते हैं जबकि दूसरी बहन दीपा राजेंद्रनगर सेक्टर तीन में परिवार के साथ रहती हैं।शुक्रवार रात करीब 9ः00 बजे दीपा ने पड़ोसी को छोटी बहन गीता से बात करने के लिए फोन किया। कुछ देर बाद पड़ोसी उनके फ्लैट पर पहुंचे और दरवाजा खोलने के लिए खटखटाया तो भाई और बहन ने काफी देर तक कोई जवाब नहीं दिया। शक होने पर पड़ोसी ने धक्का मारकर दरवाजा खोला तो सामने फर्श पर गीता का शव पड़ा हुआ था, जबकि उसके पास रखे बेड पर किशोर बैठे हुए थे। पड़ोसी ने किशोर से घटना के बारे में पूछने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने कुछ नहीं बताया।

गाजियाबाद में स्क्रैप गोदाम में भीषण आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी में कबाड़ के गोदाम में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई। गाजियाबाद और नोएडा की 10 दमकल गाड़ियां तड़के साढ़े तीन बजे से आग बुझाने में जुटी हैं। इस अग्निकांड में एक ट्रक सहित छह वाहन और गोदाम में रखा प्लास्टिक, रद्दी, लकड़ी जैसा कबाड़ का सामान जल गया है। गाजियाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी (ष्टस्नह्र) राहुल पाल ने बताया, रात करीब 3 बजकर 14 मिनट पर फायर स्टेशन वैशाली को आग की सूचना मिली। ये आग खोड़ा कॉलोनी में एसआर हॉस्पिटल के पास संडे मार्केट में खुले एरिया में बने एक कबाड़ गोदाम में लगी थी। तुरंत वैशाली से तीन, साहिबाबाद से दो और कोतवाली फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां घटनास्थल पर रवाना की गईं। घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग तेजी से फैल रही थी। काला धुआं काफी तेज था। फायर यूनिट ने तुरंत हॉज पाइप फैलाकर फायर फाइटिंग शुरू की। आग की भयावता को देखते हुए जनपद गौतमबुद्धनगर से भी दो दमकल गाड़ियां बुलाई गईं। फिलहाल घटनास्थल पर कुल 10 दमकल गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। सीएफओ ने बताया कि ये आग काफी बड़े एरिया में लगी है।

10वीं में टिमोथी, 12वीं में ध्रुव बने टॉपर

गाजियाबाद। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के नतीजे शनिवार को घोषित कर दिए। गाजियाबाद में 10वीं का रिजल्ट 94.29 प्रतिशत रहा। 10वीं में 30017 छात्र-छात्रा पंजीकृत थे। इसमें से 28534 ने परीक्षा दी। 26906 छात्र-छात्रा परीक्षा में पास हुए हैं। महर्षि दयानंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज के छात्र टिमोथी मंडल 96.83 प्रतिशत अंक लाकर 10वीं के जिला टॉपर बने हैं। दूसरे नंबर पर इसी कॉलेज के छात्र हर्ष पाल ने 96.50त्न अंक पाए हैं। तीसरे नंबर पर केएन मोदी कॉलेज मोदीनगर के छात्र आदित्य सिरोही ने 95.67 प्रतिशत अंक पाए हैं। 10वीं के टॉप-10 टॉपर लिस्ट में 5 लड़कियां और 11 लड़के शामिल हैं। 12वीं में रोज वैली पब्लिक स्कूल विजयनगर के छात्र ध्रुव चौहान 96.40 प्रतिशत अंक के साथ जिला टॉपर बने हैं। सरस्वती इंटर कॉलेज कविनगर के छात्र अंश ने 95.80 प्रतिशत अंक लाकर जिले में दूसरा स्थान पाया है। केएन मोदी कॉलेज मोदीनगर के छात्र विवेक कुमार, एस धरम इंटर कॉलेज के छात्र अंकुश और महर्षि दयानंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज के छात्र आर्यन शर्मा ने 12वीं में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

26 अप्रैल को वोट डालने के लिये किया प्रेरित

रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा ने चलाया अभियान

ग्रेनो। रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा आगामी 26 अप्रैल को गौतमबुद्धनगर में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नागरिकों को प्रेरित करने के लिये जगत फार्म मार्केट में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया। रोटरियन स0 मंजीत सिंह ने सभी दुकानदारों से परिवार के सभी वोटरों की वोट के साथ साथ सभी कर्मचारियों की भी वोट डलवाने की अपील की। उन्होंने कहॉ कि लोकतंत्र को मजबूत करने के इस महापर्व को सभी क्षेत्रवासी उत्साह से मनाये। पूर्व अध्यक्ष रो0 सौरभ बंसल ने बताया कि क्लब द्वारा चलाये गये इस जागरुकता अभियान में विभिन्न स्थानो पर बड़े बड़े बैनर, पोस्टर लगा कर लोगों को जागरुक 26 अप्रैल को अपने अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिये जागरुक किया जा रहा है। अभियान में क्लब अध्यक्ष रो0 अतुल जैन, रो0 ऋषि अग्रवाल, रो0 शैलेश वार्ष्णेय, रो0 एमपी सिंह, रो0 गुरचरण सिंह , रो0 शिवकुमार आर्य, रो0 सुशील भाटी एडवोकेट, रो0 नवीन जिंदल, रो0 अमित गोयल, रो0 राहुल शर्मा, रो0 अंकुर गर्ग व अन्य लोगों ने सहयोग किया।

आगजनी केस में सपा एमएलए पर फैसला टला

अब कोर्ट ने इरफान सोलंकी को 26 अप्रैल की डेट दी, 7वीं बार नहीं आया जजमेंट

कानपुर। जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी केस में कानपुर की स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट ने एक बार फिर से फैसला टाल दिया है। अब मामले में सुनवाई को अगली तारीख 26 अप्रैल की दी है। कोर्ट ने तारीख देने के बाद सातवीं बार फैसला टाला है। इरफान आगजनी केस में ट्रायल पूरा हो चुका है, कोर्ट सिर्फ मामले में फैसला सुनाना है।



सातवीं बार कोर्ट ने तारीख देने के बाद फैसला टाला

नजीर फातिमा ने 8 नवंबर को जाजमऊ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप था कानपुर सीसामऊ के विधायक हाजी इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी ने अपने गुंडों के साथ प्लॉट पर कब्जा करने की नीयत से 7 नवंबर 2022 को उनका अस्थाई घर फूंक दिया था। मामले में स्न्ढ्ढक्रसे लेकर एमपी/एमएलए फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। अब फैसला आना है।

इससे पहले भी कोर्ट ने मामले में फैसला सुनाने को लेकर 14 मार्च फिर 19, 22, 28 मार्च और फिर 4, 15 अप्रैल को तारीख देने के बाद फैसला टाल चुका है। हर बार आरोपियों की कोर्ट में पेशी हुई लेकिन जज ने कोई फैसला नहीं सुनाया और अगली तारीख दे दी।

मामले में तारीख पर तारीख 6 बार फैसले की तारीख पड़ चुकी है। अब 7वीं बार फैसले को लेकर 20 अप्रैल की कोर्ट ने तारीख दी थी, लेकिन कोर्ट ने शनिवार को भी कोई फैसला नहीं सुनाया।

बल्कि सातवीं बार फैसला टालते हुए सुनवाई की अगली तारीख 26 अप्रैल की दी है। अब केस में 26 अप्रैल को बहस होगी। इसके बाद कोर्ट फिर से फैसले पर अगली तारीख देगी।

फैसले को लेकर कानपुर में अलर्ट

लोकसभा चुनाव को देखते हुए कानपुर में आचार संहिता लगी हुई है। इसके साथ ही प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके चलते कानपुर पुलिस पहले ही अलर्ट मोड पर है।

अब इरफान सोलंकी के फैसले को भी लेकर कानपुर पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी कर रखी है। कानपुर पुलिस के साथ ही पीएसी और आरएफ समेत अन्य फोर्स अलग-अलग इलाके में मूवमेंट कर रही हैं।

दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक की मौत दो घायल

एजेंसी

जौनपुर। उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को हुई दो बाइक की टक्कर में बेटी की शादी के लिए लड़का देखने जा रहे एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार जिले में महराजगंज थाना क्षेत्र के सवंसा गांव निवासी राजेश गिरी (50) पुत्र रामपति अपने छोटे भाई कन्हैया लाल (40) के साथ बरसठी थाना क्षेत्र के मियाचक में अपनी बेटी के विवाह के लिए लड़का देखने जा रहे थे, अभी दोनो मीरगंज थाना क्षेत्र के बिलरा मोड़ से आगे पहुंचे थे कि सामने से बाइक से तेज गति से आ रहे दर्शन कुमार (23) कुकराही, बड़ेरी थाना बरसठी से जबदस्त भिडंत हो गई। भिडंत में जहा राजेश गिरी के सिर में गंभीर चोट लग गई, वही कन्हैयालाल और दर्शन गंभीर रूप से चोटिल हो गए।

मौके पर मौजूद लोगो ने पुलिस और एंबुलेंस की सहायता तीनों को मछलीशहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां चिकित्सक ने राजेश की मौत की पुष्टि करते हुए अन्य दोनो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मीरगंज पुलिस ने राजेश गिरी को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक राजेश गिरी बिहार के पूर्वी चंपारण के एक मठ में रहते थे। उनके एक पुत्र और दो पुत्रियां है। सभी बिहार में ही रहते हैं।

शार्ट न्यूज

यूपी बोर्ड परीक्षा में इरम ग्रुप ऑफ इन स्कूल के बच्चों का रहा शानदार प्रदर्शन

महेश सिंह विशाल इंडिया

लखनऊ। यूपी बोर्ड प्रयागराज हाई स्कूल एवं इंटर के शनिवार को घोषित नतीजे में इरम ग्रुप ऑफ स्कूल के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है इस अवसर पर शैक्षिक समूह के प्रबंधक दो ख्वाजा, बजमी यूनुस ने बताया कि इंटर में ईरम कॉन्वेंट कॉलेज, बेगमगंज, बाराबंकी की छात्रा सादिका ने 92त्न एवं हाई स्कूल परीक्षा में इरम कॉन्वेंट कॉलेज, जहांगीराबाद के वैभव अवस्थी ने संख्या के अंतर्गत चलने वाले सभी विद्यालयों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया संस्था के सभी विद्यालयों मे सत्य प्रतिशत छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए इस अवसर पर संस्था के निदेशक ख्वाजा सैयद फैजी यूनुस एवं सचिव ख्वाजा सैफी यूनुस एवं समिति के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्ययों ने सफल छात्रों को बधाई दी और उनके बेहतर भविष्य की कामना की।

सामूहिक दुष्कर्म में वांछित चार आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। सौजना, पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के मामले में चार वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी महरौनी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सौजना पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 42/2024 धारा 376 डी (ए) / 506 भा0द0वि0 व 5 (जी)/6 पाक्सो एक्ट में वाँछित चल रहे अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु थाना हाजा से टीमे गठित कर तलाश की जा रही थी को मुखविर की सूचना पर अभियुक्तगण व्रजेश अहिरवार पुत्र ग्यासी उम्र करीब 19 वर्ष हल्काई अहिरवार पुत्र कूरा उम्र करीब 27 वर्ष घूमन अहिरवार पुत्र गुपला उम्र करीब 24 वर्ष सेवाराम अहिरवार उर्फ महेश पुत्र रामदास उम्र करीब 23 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम टीकरा थाना सौजना को गिरफ्तार कर लिया गया आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम स्वाती शुक्ला थानाध्यक्ष उ0नि0 राजेन्द्र सिंह उ0नि0 राजेश कुमार कां0 कुलदीप सिंह का0 राहुल म0का0 ज्योती आदि शामिल रहे।

दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। बानपुर पुलिस ने क्षेत्र के सूरी खुर्द गांव में दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी महरौनी अजय कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 92/2024 धारा 498ए/304बी व 3/4 डीपी भा0द0वि0 की विवेचना क्षेत्राधिकारी महरौनी द्वारा सम्पादित की जा रही थी मुकदमा उपरोक्त में वाँछित चल रहे अभियुक्तगण सतेन्द्र राजपूत पुत्र हरप्रसाद राजपूत उम्र करीब 21 वर्ष हरप्रसाद राजपूत पुत्र कम्मोह राजपूत उम्र करीब 50 वर्ष सुशीला पत्नी हरप्रसाद उम्र करीब 48 वर्ष निवासीगण ग्राम सूरीखुर्द थाना बानपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी करने वाली टीम विनोद कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक उ0नि0 सर्वेश सिह हे0कां0 धर्मेन्द्र सिंह का0 प्रशांत राजपूत, का0 अरविन्द सिंह म0का0 पूजा का0 मनीष कुमार आदि शामिल रहे।

11 हजार बिजली लाइन की चपेट में आया युवक

लखनऊ। लिंटर की वायरिंग डाल रहा युवक 11 हजार लाइन की चपेट में आ गया। घटना के बाद युवक का एक हाथ डॉक्टर को इलाज के दौरान काटना पड़ा। मामले में युवक के पिता सुरेश यादव की शिकायत पर सैरपुर पुलिस ने 19 अप्रैल को मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पिता सुरेश यादव का आरोप है कि मुबारकपुर में अखिलेश त्रिपाठी का नया मकान बन रहा था। इसी के लिंटर में वायरिंग डालने के लिए बेटा आशीष यादव अपने दोस्त अमित शुक्ला के साथ गया था। आरोप है छज्जे से थोड़ी ही ऊंचाई पर 11 हजार की लाइन जा रही थी। रात दस बजे वायरिंग डालने के कारण आशीष को इसकी जानकारी नहीं थी। इस दौरान मकान मालिक ने भी इसके बारे में कुछ नहीं बताया। उनका कहना है वायरिंग डालते समय ही बेटा बिजली की चपेट में आ गया। इस दौरान हाथ ऊपर कर दिया। इससे उसका हाथ खराब हो गया। मामले में मकान मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सुरेश यादव ने बताया कि एक बार पहले भी इसी घर के ठीक सामने ऐसा ही एक हादसा हुआ है, जिसमें व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। बावजूद इसके सावधानी बरतने की कोई जानकारी नहीं दी गई। तार लटके हुए हैं।

सपा प्रत्याशी ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना

अलीगढ़। अलीगढ़ में पूर्व सांसद व सपा प्रत्याशी चौ. बिजेंद्र सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में धरना दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन सत्ता पक्ष को जिताने के लिए अभी से धांधली शुरू कर दी है। उनके मतदाताओं के पास वोटर पर्ची नहीं पहुंच रही है और कई नाम भी मतदाता सूची से गायब हैं। वह अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी. के कार्यालय के बाहर धरना दिया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों से मिलकर चुनाव संबंधी विभिन्न समस्याएं बताई और तत्काल इसके निस्तारण की मांग की। जिसके बाद उन्हें आश्वासन मिला है कि सभी समसयाओं का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाएगा। पूर्व सांसद व सपा प्रत्याशी चौ. बिजेंद्र सिंह ने अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट में धरना देते हुए आरोप लगाया कि प्रशासन जानबूझकर उन्हें हराने की साजिश कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में मतदाताओं की वोटर पर्ची नहीं पहुंच रही है। इसके साथ ही वह इलाके जहां पर उनके समर्थकों की संख्या ज्यादा है और समाजवादी के वोटर हैं, वहां भी प्रशासन पर्चियां नहीं भेज रहा है।

उन्नाव में बस पलटने से 32 यात्री घायल

उन्नाव । उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 251 पर सबली खेड़ा गांव के पास शनिवार सुबह मिनी बस पलटने से 32 यात्री घायल हो गये। बस के पलटने की सूचना पर पहुंची पुलिस और यूपिडा की टीम ने रेस्क्यू करके सभी सवार 32 लोगों को बाहर निकवाकर बांगरमऊ सीएचसी पहुंचवाया। जहां से बस में सवार घायलों को प्राथमिक उपचार दिलाने के बाद जिलाअस्पताल बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है। यहां से एक को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अ ?रविंद कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 7 बजे बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 251 पर पर मिनी बस पलटने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पहुंची पुलिस और यूपिडा द्वारा रेस्क्यू करके सभी 32 सवारियों जिनमें 7 बच्चे थे को बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया गया था। बताया कि बच्चे सभी सुरक्षित हैं। घायलों को प्राथमिक उपचाार दिलाने के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है। उन्होने बताया कि गंभीर घायल को लखनऊ के लिए रेफर किया गया है। बताया कि पलटने वाली बस गुड़गांव से जौनपुर शादी में लोगों को लेकर जा रह थी। घटना के संदर्भ में बताया कि सवारियों से जो इनपुट मिले है उसके मुताबिक बस चालक को झपकी आ जाने से वह बस से अपना संतुलन खो बैठा जिससे बस पलट गयी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करने के साथ ही घायलों परिजनों को घटना के संदर्भ में जानकारी भेजी है। यात्रियों के अनुसार हरियाणा राज्य के रहले वाले रोहित पुत्र बलवंत जो वर्तमान में गुड़गांव में रहकर नौकरी करता है। इनका विवाह जौनपुर में तय हुआ था। शनिवार को 32 लोगों के साथ बारात लेकर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के रास्ते से जौनपुर जा रहा था।

बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशियों के पर्चे खारिज

बरेली। उत्तर प्रदेश में बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशियों के पर्चे जांच में खारिज हो गये हैं। निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन पत्रों की जांच की गई तब पाया गया कि दोनों लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशियों ने फार्म अधूरा भरा था। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बरेली लोकसभा क्षेत्र से 28 लोगों ने नामांकन कराया था ,जांच में 14 नामांकन पत्र अधूरे पाए गए जिनको रद्द कर दिया गया है। अब कुल 14 प्रत्याशी मैदान में है। नामांकन पत्र खारिज होने में बसपा प्रत्याशी छोटे लाल गंगवार भी शामिल है। आंवला लोकसभा क्षेत्र से कुल 20 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था।

झांसी : आठ लाख से अधिक की लूट को अंजाम देने वाले युवा, पुलिस के शिकंजे में

एजेंसी

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी की नवाबाद थाना पुलिस और स्वाट की संयुक्त टीम ने बैंक के कलेक्शन एजेंट से आठ लाख 61 हजार 855 की लूट को अंजाम देने वाले युवाओं के एक गिरोह के पांच सदस्यों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया ।इनके पास से छह लाख 38 हजार रूपये बरामद कर लिये गये हैं। यहां पुलिस लाइन में इस संबंध में प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक -नगर (एसपी सिटी) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बैंक कलेक्शन एजेंट दीपक शर्मा निवासी केके पुरी कालोनी थाना सीपरी बाजार ने 17 अप्रैल को रात के समय उनके साथ कोंछाभांवर पुल के नीचे हुई लूट

की सूचना दी थी। उन्होंने बताया था कि वह कलेक्शन कर रात साढे नौ बजे के आस पास पैसों से भरा बैग अपनी मोटरसाइकिल की टंकी पर रखकर ला रहे थे ,उसी दौरान कोंछाभावर में पुल के नीचे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों ने कट मारते हुए उनकी मोटरसाइकिल से झटके से बैग उठा लिया और तेजगति बाइक से मौके से फरार हो गये। सिंह ने बताया कि घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के निर्देशन में घटना के खुलासे को लेकर पांच टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान घटना स्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया और पाया गया कि घटना को अंजाम देने में छह लोग शामिल हैं। घटना स्थल से कुछ दूरी पर एक और मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग उनके साथ जा मिले थे ।इस तरह जांच में पता चला कि लूट की इस घटना को किसी एक या दो लोगों ने नहीं बल्कि एक गिरोह ने अंजाम दिया है।

इसके बाद से टीमें लगातार आरोपियों की तलाश में लगीं थीं लेकिन लुटेरों पर शिकंजा कसने में सफलता नवाबाद थाना पुलिस और स्वाट टीम को मिली।

देवरिया में लू के बीच पारा पहुंचा 42 सेल्सियस

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया में भीषण लू के बीच शनिवार को पारा 42 सेल्सियस तक पहुंचने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिले में लगातार पारा चढ़ता जा रहा है और लू के भयानक और प्रचण्ड थपेड़ों से लोग बेहाल हो रहे हैं। स्कूली बच्चों स्कूल से वापस आते समय को लू की मार झेलनी पड़ रही है। पशु,पक्षियों को भी इस भीषण गर्मी में पानी ना मिलने से बेहाल होते देखे जा रहे हैं। लोग दिन में 11 बजे से चार बजे तक बेवजह घर से निकलने से बच रहे हैं। गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग परेशान दिख रहे हैं। डाक्टरों की सलाह माने तो बुजुर्ग व बच्चें लू में घर से न निकले और लोग शुद्ध पेयजल ज्यादा पीये।

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने लू प्रकोप व अग्नि काण्ड की घटना को देखते हुए राहत एवं बचाव कार्यों हेतु जिले में तहसील स्तर व विकास खण्ड एवं नगर पालिका/नगर पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया है। उन्होंने जिले स्तर पर एडीएम एफआर व सीएमओ, तहसील स्तर पर समस्त एसडीएम, खण्ड विकास स्तर पर समस्त बीडीओ तथा निकाय स्तर पर समस्त ईओ नगरपालिका/नगर पंचायत को नोडल अधिकारी नामित किया है।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी(सीएमओ) को निर्देश दिया है कि जिला चिकित्सालय में 01 वार्ड एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 04-04 बेड हीटवेव की मरीजों के लिए आरक्षित करें।

जन जागरूकता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना एवं ग्रामीण स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों को हीट-वेव के सम्बन्ध में अलर्ट जारी करना सुनिश्चित करें। सन स्ट्रोक से बचाव के लिए जन सूचना जारी करने के साथ-साथ आपातकालीन स्थिति के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात करें।

उन्होंने अस्पतालों एवं हेल्थसेंटर्स में पावर सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाये। सभी अस्पतालों/पी.एच.सी/सी.एच.सी. में ओ.आर.एस. और तरल पदार्थ के पर्याप्त स्टॉक की व्यवस्था, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र / सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल पर आवश्यक दवाईयां उपलब्ध हों । स्वास्थ्य केंद्रों को हीट-वेव से किसी भी प्रकार की घटना होने पर 24 घंटे क्रियाशील रहने हेतु निर्देश दिया है।

इटावा : जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री निलंबित

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा में जिला बार एसोशिएशन का चुनाव समय पर ना कराने के कारण बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश दुबे और महामंत्री राजेश कुमार को बार काउंसिल ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

दोनों के ही अधिवक्ता लाइसेंस को निलंबित करते हुए अगले आदेश तक किसी भी अदालत में कार्य करने पर भी रोक लगाई गई है। इटावा जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार गौड़ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 15 अप्रैल को बार काउंसिल विशेष समिति के अध्यक्ष की ओर से यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन और स्पेशल कमेटी के अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह ने यह कार्रवाई की है। बार काउंसिल की स्पेशल कमेटी की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी एल्डर्स कमेटी, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महामंत्री के अलावा इटावा के जिलाधिकारी और जिला जज को भी सूचनार्थ भेजी गई है। बार काउंसिल के नियमों के मुताबिक जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव को एल्डर्स कमेटी के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे, परन्तु वे अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहे।

गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

ललितपुर। बानपुर , पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी महरौनी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 93/2024 धारा 323/504/506/308 भादवि में वाँछित चल रहे अभियुक्त लक्ष्मन सहरिया पुत्र सुजान उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम गंगचारी थाना बानपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तारी करने वाली टीम विनोद कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक उ0नि0 रमेशचन्द्र का0 प्रशांत राजपूत, का0 मनीष कुमार आदि शामिल रहे।

घर की खिड़की तोड़कर लाखों की चोरी

जालौन। जालौन में शुक्रवार रात को चोर सूने घर की खिड़की तोड़ घर में घुस गए। चोरों ने घर में रखी लाखों रुपए की जेवरात व नगदी पार कर दी। इस घटना को चोरों ने तब अंजाम दिया जब पूरा परिवार अपने पैतृक गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। चोरों ने जिस जेवरात को चोरी किया है वह बेटी की शादी के लिए रखे हुए थे। इस घटना की जानकारी मिलने पर पूरे घर में कोहराम मच गया, वहीं चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच में जुट गई।

100 लीटर कच्ची शराब के साथ दो महिला गिरफ्तार

ललितपुर। पाली लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस टीम ने मंगलवार को कच्ची शराब के अड्डे पर छापा मारी किया गया।

पाली , पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी पाली रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण मे आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना पाली पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर कबूतरा डेरा ग्राम रजौरा थाना पाली से दो अभियुक्ताओं पूजा पत्नी विश्राम कबूतरा सपना पत्नी रिंकेश कबूतरा निवासीगण ग्राम रजौरा थाना

पाली को मय 100 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ किया गया गिरफ्तार तथा 2000 लीटर लहन मौके पर नष्ट किया गया ।

अभियुक्ताओ उपरोक्त के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 60(1)Ex Act में अभियोग पंजीकृत कराया गया, अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी उ0नि0 जितेन्द्र सिंह परिहार उ0 नि0 सुरेश कुमार चतुर्वेदी हे.का.शैलेन्द्र सिंह का.गोलू म.पी.आर.डी.विनीता आदि शामिल रही।

परिवार नियोजन को लेकर जिले में चलेगी उम्मीद परियोजना

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया शुभारम्भ

विशाल इंडिया/ब्यूरो

सीतापुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोबियस फाउंडेशन एवं पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। इस क्रम में उम्मीद परियोजना का शुभारम्भ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनूप श्रीवास्तव ने सीएमओ कार्यालय सभागार में किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम जिले में परिवार नियोजन के साथ ही अन्य कार्यक्रम के उददेश्यों को भी पूरा करने में सहायक होगा।

साथ में उन्होंने कहा कि इस साझा कार्यक्रम से परिवार नियोजन परामर्श

और सेवाओं की पहुंच में वृद्धि होगी। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इण्डिया की राज्य निदेशक शिल्पा नायर ने बताया कि उम्मीद परियोजना का उद्देश्य जनपद में जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में परिवार नियोजन कॉर्नर की स्थापना करना, आरोग्य मंदिर और उप केन्द्रों को परिवार नियोजन किट प्रदान करना, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं और परामर्श के लिए स्वास्थ्य प्रदाताओं, एएनएम और आशाओं को प्रशिक्षित करना है।इसके साथ ही कम उम्र में विवाह, किशोर गर्भावस्था, नए तरीकों और पुरुष सहभागिता सहित गर्भनिरोधक विकल्पों के बारे में जागरूकता अभियान आयोजित करना है जोकि मातृ तथा शिशु स्वास्थ्य में सुधार करने में सहायक होगा।

मोबियस फाउण्डेशन के राज्य प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा आकार परियोजना वर्तमान में आठ जिलों में चलाई जा रही है जो कि जनसंख्या स्थिरीकरण पर आधारित हैं।पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इण्डिया के सलाहकार बीके जैन ने बताया कि काउंसलिंग कॉर्नर की सहायता से परिवार नियोजन की काउंसलिंग में गुणवत्ता आयेगी और परिवार नियोजन की स्वीकार्यता भी बढ़ेगी।

इस मौके पर परिवार कल्याण कार्य क्रम के प्रबंधक जावेद खान,पॉपुलेशन फाउण्डेशन ऑफ इण्डिया के बलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने की गैंगस्टर एक्ट में कुर्की की कार्रवाई

कासिमाबाद। गाजीपुर के कासिमाबाद तहसील प्रशासन द्वारा 191 गैंग के सहयोगी गैंगस्टर बहादुरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष रियाज अहमद अंसारी और उनकी पत्नी निकहत परवीन सहित अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत लगभग 6.70 करोड़ की अचल संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की है । पुलिस ने बाकायदा मुनादी करते हुए कुल चिन्हित 5 स्थानों पर कुर्क किया गया है। जिससे एक बार फिर बहादुरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। एसपी ओम बीर सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत 4 आरोपियों के खिलाफ 191 गैंग के तहत कार्रवाई की गई है। बता दें कि गाजीपुर एसपी लगातार अपराध एवं अपराधियों के बीच लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

अवैध तमंचे, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामदगी के साथ हिस्ट्रीशीटर हुआ गिरफ्तार

विशाल इंडिया/ब्यूरो

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 एवं त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के साथ-साथ अवैध शस्त्र निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक

उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर सतीश चंद्र शुक्ल के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए शातिर अपराधी प्रेम पुत्र श्रीराम निवासी बम्भन पुरवा मजरा बनेहटा थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर को बनहेटा मार्ग पर बने तालाब के पास बाग से अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए गिरफ्तार किया। अभियुक्त प्रेम उपरोक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर (निर्मित) तथा अवैध शस्त्र फैक्ट्री जिसमें सात अदद अर्द्धनिर्मित तमंचा, सात अदद (खोखा)कारतूस, चार अदद लोहे की नाल एवं भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए।

ओक्सियो बना रही सेल्फ-ड्राइविंग कॉन्सेप्ट कार

बर्लिन । ओक्सियो कंपनी एक ऐसी फ्यूचरिस्टिक कार पर काम कर रही है, जिसका नाम स्विफ्ट पॉड है। यह एक सेल्फ-ड्राइविंग कॉन्सेप्ट कार है। इस कार को यात्रियों के रिलैक्स करने और रेस्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस दौरान ये कार लंबी दूरी खुद से तय करेगी। स्विफ्ट पॉड एक कमाल की ट्रांसपोर्ट कार है जो पैसेंजर्स के सोते समय रात भर चल सकेगी। ये कार पहियों पर चलते-फिरते होटल रूम जैसा होगा। 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली इस कार के होटल रूम में दो बेड भी होंगे। कार के डिज़ाइन में एक शानदार लो-सीटिंग केबिन है, जो तीन जायंट व्हील्स से जुड़ा हुआ होगा। इसमें एक समय में दो पैसेंजर सवार हो सकेंगे। पैसेंजर्स चाहें तो सीधे बैठ सकेंगे या उनके पास सोने के लिए बिस्तर भी होगा। इसमें सवार यात्री दिए फोल्डेब डेस्क का भी इस्तेमाल कर सकेंगे। इस डेस्क का इस्तेमाल पैसेंजर्स काम करे के लिए या खाने के लिए डाइनिंग टेबल के तौर पर कर पाएंगे। वहीं, लगेज रखने के लिए पैसेंजर्स व्हीकल में मौजूद बेड और सीट्स के नीचे की खाली जगह को यूज कर सकेंगे। कार के डिजाइनर का कहना है कि उन्होंने और उनकी टीम ने ऑटोनॉमस ट्रांसपोर्ट की एक ऐसा सिस्टम क्रिएट करने के लिए अथक प्रयास किया जो रात भर की ट्रेन या फ्लाइट ट्रैवल की जगह ले सके। रिपोर्ट्स में ये भी पता चला है कि इस कार का नाम उस पक्षी से प्रेरित है जो सोते समय उड़ सकती है।

अमेरिका नाइजर से 1,000 सैनिकों को वापस बुलाएगा

वाशिंगटन । अमेरिका आने वाले महीनों में नाइजर से 1,000 अमेरिकी सैन्य कर्मियों को वापस बुलाएगा। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका की बाइडेन सरकार ने अपनी योजना के बारे में नाइजर की सरकार को सूचित किया है। रिपोर्ट के अनुसार, विदेश विभाग के उप सचिव कर्ट कैंपबेल ने दिन में नाइजर के प्रधानमंत्री से मुलाकात कर सरकार की मांग को स्वीकार कर लिया। रिपोर्ट में बताया गया है कि यह कदम पश्चिम अफ्रीका में अमेरिका के आतंकवाद विरोधी रुख में बदलाव लाएगा। पिछले महीने, नाइजर सेना के प्रवक्ता ने कहा कि देश की संक्रमणकालीन सरकार, जिसने पिछले जुलाई में तख्तापलट में सत्ता संभाली थी, ने नाइजर के लोगों के हितों का हवाला देकर तत्काल प्रभाव से सैन्य समझौते को समाप्त कर दिया। नाइजर के आंतरिक मंत्रालय ने हाल ही में कहा था कि नियामी द्वारा वाशिंगटन के साथ अपना सैन्य समझौता समाप्त करने के बाद अमेरिका ने देश से सैनिकों की वापसी के लिए एक योजना प्रस्तुत करने का वादा किया था। नाइजर के आंतरिक मंत्री मोहम्मद तौम्बा द्वारा अमेरिकी राजदूत कैथलीन फिट्ज़गिब्बन की मेजबानी करने के बाद सोशल मीडिया पर यह बयान प्रकाशित किया गया।

लग्जरी ब्रांड जापान में सस्ते अमेरिका में महंगे

टोक्यो । लग्जरी ब्रांड के सामान को खरीदने वाले, इन दिनों जापान जाकर लग्जरी ब्रांड के समान को खरीद रहे हैं। इटली, फ्रांस के नागरिक बड़ी संख्या में जापान पहुंच रहे हैं। वहां पर भारी भरकम डिस्काउंट के साथ लग्जरी ब्रांड आसानी से मिलते हैं। अमेरिका की तुलना में लगभग 30 फ़ीसदी तक डिस्काउंट में जापान में लग्जरी ब्रांड उपलब्ध हो जाते हैं। अमेरिका, चीन, मध्य पूर्व एशिया के देशों के नागरिक पर्यटन के लिए अब जापान को पसंद कर रहे हैं। जापान में प्रादा कंपनी के लग्जरी ब्रांड के उत्पाद 41 फ़ीसदी, लुई विन्ता के लग्जरी ब्रांड के उत्पाद 31 फीसदी तथा गुची कंपनी के उत्पादों की बिक्री जापान में 32 फ़ीसदी तक बढ़ गई है। टोक्यो के सबसे बड़े शॉपिंग जोन गिंजा की सड़कों पर ज्यादातर पर्यटक ड्यूटी फ्री कीमतों पर जापान से लग्जरी ब्रांड खरीद रहे हैं। भारतीय पर्यटकों की संख्या जापान में बड़े पैमाने पर बढ़ रही है।

भारत से जाने वाली पर्यटकों की संख्या बढ़ी

जापान के राष्ट्रीय पर्यटन संगठन की रिपोर्ट के अनुसार मार्च में 30 लाख से अधिक पर्यटक जापान पहुंचे हैं। पिछले साल की तुलना में 70 फ़ीसदी अधिक है। अकेले दक्षिण कोरिया से 6,63,000 पर्यटक जापान पहुंचे हैं। इसके बाद यूरोप, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम और भारत सहित 17 अन्य देशों के पर्यटक बड़ी संख्या में जापान पहुंच रहे हैं। भारत से जापान जाने वाले पर्यटकों की संख्या भी 53 फ़ीसदी बढी है। जो भी पर्यटक जापान पहुंचते हैं उनमें से अधिकांश लग्जरी ब्रांड के समान को खरीदतें हैं।

अमेरिका में प्रतिबंधित पदार्थ बेचने पर भारतीय को पांच साल की सजा

वाशिंगटन। अमेरिका ने डार्क वेब मार्केट प्लेस पर प्रतिबंधित पदार्थ बेचने के मामले में एक भारतीय नागरिक को पांच साल की सजा सुनाई है और उससे 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर भी वसूलने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार डार्क वेब इंटरनेट का वह हिस्सा है, जहां आम सर्च इंजन नहीं पहुंच पाता यहां पहुचने के लिए एक विशेष वेब ब्राउजर का इस्तेमाल किया जाता है । हल्द्वानी के बनमीत सिंह को अप्रैल 2019 में लंदन में गिरफ्तार किया गया था। उसे मार्च 2023 में अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया। बनमीत ने प्रतिबंधित पदार्थों को बचने और धनशोधन की साजिश के आरोपों को कुबूल भी कर लिया था। प्रतिबंधित पदार्थ आम तौर पर ऐसी दवा या रसायन होता है जिसका बनाने और इस्तेमाल को सरकार द्वारा नियंत्रित किया जाता है। अदालती दस्तावेजों और अदालत में दिए गए बयानों के अनुसार, बनमीत ने फेंटेनाइल, एलएसडी, एक्स्टसी, जैनैक्स, केटामाइन और ट्रामाडोल जैसे नियंत्रित पदार्थ बेचने के लिए सिल्क रोड, अल्फा बे, हंसा समेत कई अन्य डार्क वेब मार्केटप्लेस पर विक्रेता विपणन साइट बनाईं। ग्राहकों ने इन साइट का उपयोग करके बनमीत सिंह से ऑर्डर की गई दवाओं के लिए क्रिप्टोकरेंसी के से राशि का भुगतान किया। इसके बाद बनमीत ने व्यक्तिगत रूप से अमेरिका मेल या अन्य शिपिंग सेवाओं के जरिए यूरोप से अमेरिका तक दवाओं की खेप पहुंचाने की व्यवस्था की। एक अधिकारी ने बताया कि इस काम के जरिए बनमीत ने करीब 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर कमाए थे। बनमीत की गिरफ्तारी के बाद अदालत ने जुर्म साबित होने के बाद पांच साल की सजा सुनाई है और जुर्माना भी लगाया है।

इमरान का आरोप, बुशरा बीबी को टॉयलेट क्लीनर मिलाकर खाना दे रहे

-बुशरा ने सीने में जलन और पेट दर्द की शिकायत की

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान इन दिनों संकट में घिरे हैं। हाल ही में उनकी पत्नी को भी गिरफ्तार किया गया था। वे खुद पहले से ही जेल में बंद है। इमरान ने पाकिस्तान की एक अदालत को बताया है कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को टॉयलेट क्लीनर मिलाकर खाना दे रहे है। उन्होंने दावा किया इस कारण बुशरा के पेट में रोजाना जलन होती है। पाकिस्तान में कई मामलों में दोषी ठहराए गए क्रिकेटर से नेता बने इमरान ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में 190 मिलियन पाउंड के भ्रष्टाचार मामले में सुनवाई के दौरान यह आरोप लगाया। इमरान ने न्यायाधीश नासिर जावेद राणा को बताया कि अदालत कक्ष में अतिरिक्त दीवारें खड़ी की गई हैं, जिससे यह एक बंद अदालत जैसा प्रतीत होता है। इमरान ने कहा कि शौकत खानम अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ असीम यूसुफ ने शिफा इंटरनेशनल अस्पताल में बुशरा बीबी के स्वास्थ्य परीक्षण कराने का सुझाव दिया था। उन्होंने कहा, जेल प्रशासन पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) अस्पताल में परीक्षण करने पर अड़ा हुआ था। बाद में अदालत ने डॉ. यूसुफ को इमरान खान और बुशरा बीबी की मेडिकल जांच करने का आदेश दिया।

रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु, रूस के ओम्स्क क्षेत्र में टैंक और बख्तरबंद वाहनों के लिए उत्पादन सुविधा का निरीक्षण करते हुए।

अब इराक पर मिसाइल हमला, दो सैन्य अड्डे तबाह

बगदाद। इराक के सैन्य अड्डों पर आज जबरदस्त हवाई हमले हुए हैं। ये हमले बगदाद के दक्षिण में बाबिल प्रांत में आधी रात को एक अज्ञात विमान द्वारा किए गए, जिसमें दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी की गई। हवाई हमले ड्रोन के जरिए किए गए और दो ठिकानों को निशाना बनाया गया।

जानकारी के अनुसार, ये हमले इराक के पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज की ओर से इस्तेमाल किए गए सैन्य अड्डे पर हुए। इन हमलों में तीन लोग घायल भी हुए हैं। इराक पर हमले को लेकर अमेरिका और इजरायल दोनों ने इनकार किया है। दोनों देशों ने कहा कि इसमें उनका कोई हाथ नहीं है। इससे पहले अमेरिका ने ही ऐन-अल-असद हवाई अड्डे पर एक हमले को नाकाम किया था। यहां अमेरिका और अन्य देशों के सैन्य बल मौजूद हैं। बता दें कि पीएमएफ एक ईरान समर्थित संगठन है, जिसमें एक लाख से ज्यादा लड़ाके हैं। सीरिया पर इसी संगठन ने कई बार हमले किए हैं और ये अमेरिका और इजरायल को भी कई बार धमकियां दे चुका है। सूत्रों के अनुसार, इराकी अर्धसैनिक हश्द शाबी बल बाबिल प्रांत के उत्तरी भाग में ये हमला हुआ। हमले में दों सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें में एक हश्द शाबी बलों का गोला-बारूद का गोदाम तबाह हो गया और दूसरा हमला टैंक मुख्यालय पर हुआ। रिपोर्ट के हवाले से सूत्र ने कहा कि बगदाद से लगभग 30 किमी दक्षिण-पूर्व में मडेन इलाके में विस्फोटों की आवाज सुनी गई, लेकिन विस्फोटों के बारे में पुख्ता जानकारी अभी नहीं है।

कनाडा और चीन के बीच अब किस बात को लेकर बढ़ गई टेंशन, राजदूत ने 5 साल बाद पद छोड़ा

टोरंटो (एजेंसी)। कनाडा में चीन के राजदूत कांग पेइवु ने लगभग पांच साल बाद अपना पद छोड़ दिया। ग्लोबल अफेयर्स कनाडा के एक प्रतिनिधि के अनुसार, कांग पेइवु चीन लौट आए हैं। हालांकि, सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ओटावा में चीनी दूतावास ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। पेइवु ने 2019 से कनाडा में चीन के राजदूत के रूप में कार्य किया और उनके बाहर निकलने की खबर सबसे पहले कई समाचार आउटलेट्स द्वारा दी गई थी। चीनी राजनयिक की विदाई ऐसे समय हुई जब दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध रसातल में चले गए।

चीन-कनाडा संबंधों में कैसे खटास आई

तनावपूर्ण घटनाक्रमों की एक श्रृंखला ने चीन और कनाडा के बीच संबंधों को खराब करने में योगदान दिया। इसमें 2018 के अंत से 2021 के अंत तक कनाडाई नागरिकों माइकल स्पावर और माइकल कोवरिग को हिरासत में लेने का बीजिंग का निर्णय शामिल था। उनकी गिरफ्तारी को अमेरिकी प्रत्यर्पण वारंट पर हुआवेई के मुख्य वित्तीय अधिकारी मेंग वानझोउ की वैंकूवर गिरफ्तारी के प्रतिशोध के रूप में देखा गया था। हाल ही में, कनाडा के चुनावों में चीन द्वारा संभावित हस्तक्षेप के बारे में चिंताएँ बढ़ गई हैं। पिछले हफ्ते कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस मामले पर गवाही दी थी। अपनी गवाही के दौरान,

उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि चीन कनाडा में 2019 और 2021 के संघीय चुनावों के नतीजे को प्रभावित करने में सफल रहा।

कनाडा चीन के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिश कर रहा है

इस बीच, विदेश मंत्री मेलानी जोली के कार्यालय ने पुष्टि की है कि उनके उप मंत्री डेविड मॉरिसन दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए चीन में हैं। हालाँकि, ग्लोबल अफेयर्स कनाडा ने अभी तक उनकी यात्रा के लिए कोई यात्रा कार्यक्रम जारी नहीं किया है। इस साल जनवरी में दोनों देशों ने एक-दूसरे के साथ संवाद और सहयोग करने का वचन देते हुए बयान दिए हैं। बातचीत के दौरान जोली ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से कई भू-राजनीतिक मुद्दों पर बात की।

अब युद्ध में दिखेंगे कई बदलाव: अमेरिकी वायु सेना ने एआई विमान से एफ-16 को हराया

वाशिंगटन (एजेंसी)। वाशिंगटन(ईएमएस)। दशकों से बिना इंसान के हवा से हवा में युद्ध की कल्पना की जाती रही है, लेकिन अब यह सपना हकीकत बन गया है। 2023 में, अमेरिकी वायु सेना ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उन्होंने एक्स-62ए विमान का इस्तेमाल कर एआई से लैस विमान को असल में उड़ रहे एफ-16 लड़ाकू जेट से हवाई लड़ाई में भिड़ाया और जीत हासिल की। पिछले साल किए गए एक परीक्षण में, एआई से लैस विमान (एक्स-62ए विस्टा) ने असल में उड़ रहे एफ-16 लड़ाकू जेट को हवाई लड़ाई में हरा दिया। यह पहली बार है जब किसी एआई विमान ने मानव पायलट वाले विमान को युद्धाभ्यास में मात दी है। इस उपलब्धि को एयरोस्पेस मशीन लर्निंग में एक बड़ी छलांग के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी वायु सेना टेस्ट पायलट स्कूल और डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी को इस सफलता का श्रेय दिया गया है। यह परीक्षण एयर कॉम्बैट इवोल्यूशन कार्यक्रम का हिस्सा था, जिसमें बाद में भी इसी तरह की कई हवाई लड़ाइयां हुईं और एआई विमान ने लगातार बेहतर प्रदर्शन किया।

चौंकाने वाली बात ये है कि एक्स-62ए एसीई टीम ने मात्र एक साल से भी कम समय में ये कारनामा कर दिखाया। उन्होंने न सिर्फ एक्स-62ए विमान में एआई को शामिल किया बल्कि असल हवाई युद्ध का अभ्यास कराया, जिसे डॉगफाइट के नाम से जाना जाता है। हालांकि परीक्षण की तारीख का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन यह कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस में हुआ था।एक्स-62ए विमान को सुरक्षा पायलटों के साथ उड़ाया जाता है जो जरूरत पड़ने पर एआई को बंद कर सकते हैं। हालांकि, इस परीक्षण के दौरान ऐसा करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं पड़ी। रिलीज के अनुसार, मानवयुक्त एफ-16 के साथ हवाई लड़ाई के दौरान किसी भी समय सुरक्षा पायलटों को दखल देने की जरूरत नहीं पड़ी। अमेरिकी वायु सेना के परीक्षण पायलट बिल ग्रे इस परीक्षण से काफी उत्साहित हैं। हालांकि उनका मानना है कि यह सिर्फ शुरुआत है। ग्रे का कहना है कि इस परीक्षण से मिली सीख न सिर्फ हवाई युद्ध में बल्कि किसी भी ऐसे कार्य में लागू की जा सकती है जिसे हम किसी ऑटोनोमस प्रणाली को सौंपना चाहें। उनका कहना है कि मशीन लर्निंग के क्षेत्र में मिली सफलताएं आगे भी जारी रहेंगी।

किम जोंग ने फिर किया क्रूज और विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण

-कोरियाई प्रायद्वीप में बढ़ते तनाव के चलते उत्तर कोरिया बढ़ा रहा हथियारों का जखीरा

पियोंगयांग (एजेंसी)। उत्तर कोरिया आए दिन मिसाइलों का परीक्षण करता रहता है। ऐसा करके वह अपने विरोध दक्षिण कोरिया और अमेरिका को यह संदेश देता रहता है कि वह किसी भी तरह से कमजोर नहीं है। वहीं शनिवार को उत्तर कोरिया ने अपने पश्चिमी तटीय इलाके में सबसे बड़े क्रूज मिसाइल मुखास्त्र और एक विमानरोधी मिसाइल का परीक्षण किया है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया तेजी से अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ा रहा है और हाल में उसने कई मिसाइल परीक्षण भी किए हैं।

उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया की खबर में कहा गया है कि शुक्रवार को 'ह्वासल-1 रा-3' रणनीतिक क्रूज मिसाइल के लिए तैयार मुखास्त्र का 'शक्ति परीक्षण' किया साथ ही 'प्योलजी-1-2' विमानरोधी मिसाइल का परीक्षण किया गया। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार समिति द्वारा जारी की गई तस्वीरों से साफ नजर आ रहा है कि लॉन्चर ट्रक से दो मिसाइलें दागी जा रही हैं। खबर में यह भी कहा गया कि शुक्रवार को किया यह परीक्षण उत्तर कोरिया की सैन्य विकास गतिविधियों का हिस्सा थे और इसका आसपास के हालात से कोई लेना देना नहीं है।

अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच कोरियाई प्रायद्वीप पर कुछ सालों में काफी तनाव बढ़ा है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग हथियारों के जखीरे को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं और किम जोंग का कहना है कि इस जखीरे में कुछ ऐसी मिसाइलें भी हैं जो अमेरिकी और प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम हैं। उत्तर कोरिया की तैयारियों के बीच अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने भी अपने संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण का विस्तार किया है।

इजराइली पीएम के खिलाफ आईसीसी जारी कर सकता है गिरफ्तारी वारंट

-गाजा में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप, जर्मनी-ब्रिटेन से मदद मांगी

येरुशलम (एजेंसी)। इजराइल-हमास युद्ध के बीच गाजा में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, कई राजनेताओं और सैन्य नेताओं के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी हो सकता है।

इजराइल को हमास के खिलाफ युद्ध के बीच डर सताने लगा है कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल को सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली थी कि आईसीसी आने वाले समय में वारंट जारी करने पर विचार कर रही है। इसके बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस में कई विशेषज्ञों ने इस मुद्दे पर तत्काल बैठक की थी। इस बैठक में वारंट को टालने के प्रयासों पर चर्चा हुई थी।

इजराइल के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस बैठक में इस बात पर सहमति बनी थी कि इजराइल गिरफ्तारी वारंट टालने के लिए आईसीसी और अन्य राष्ट्रों के विदेश डिप्लोमैटिक अधिकारियों से बातचीत करेगा। इसके अलावा, इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ब्रिटेन और जर्मनी के विदेश मंत्रियों से इस मामले में मदद भी मांगी है। नेतन्याहू के मंत्रियों को डर है कि गाजा में मानवीय संकट को देखते हुए यह वारंट जारी हो सकता है। फरवरी में हमास की कैद से रिहा हुए कुछ इजराइलियों ने आईसीसी में हमास के युद्ध अपराध के खिलाफ शिकायत की थी। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के चीफ प्रॉसीक्यूटर करीम खान पिछले साल दिसंबर में इजराइल दौरे पर आए थे। इस दौरान करीम उन क्षेत्रों में भी गए थे, जहां हमास ने हमला किया था। करीम खान ने कहा था कि इजराइल में हमास की क्रूरता के सबूत मौजूद हैं। अब हमास के खिलाफ कार्रवाई शुरू करना उनका कर्तव्य है।

1 जुलाई 2002 को इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट यानी आईसीसी की शुरुआत हुई थी। ये संस्था दुनियाभर में होने वाले वॉर क्राइम, नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच करती है। ये संस्था 1998 के रोम समझौते पर तैयार किए नियमों के आधार पर कार्रवाई करती है। आईसीसी का मुख्यालय द हेग में है। ब्रिटेन, कनाडा, जापान समेत 123 देश रोम समझौते के तहत इसके के सदस्य हैं। आईसीसी ने यूक्रेन में बच्चों के अपहरण और डिपोर्टेशन के आरोपों के आधार पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। आईसीसी के वारंट के लिए देशों को गिरफ्तारी करने के लिए बाध्य नहीं होना पड़ता। इसकी वजह यह है कि हर संप्रभु देश अपने आंतरिक और विदेशी नीतियों के लिए स्वतंत्र होते हैं। आईसीसी भी हर देश की संप्रभुता का सम्मान करती है। अपने 20 साल के इतिहास में आईसीसी ने मार्च 2012 में पहला फैसला सुनाया था। ये फैसला डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कॉन्गो के उग्रवादी नेता थॉमस लुबांगा के खिलाफ सुनाया था। जंग में बच्चों को भेजे जाने के आरोप में उसके खिलाफ केस चलाया गया था। इस आरोप में लुबांगा को 14 साल के लिए जेल की सजा सुनाई गई थी।

अंतरिक्ष को लेकर चीन की साजिश पर नासा प्रमुख का बयान, दुनिया में मच गई हलचल

वॉशिंगटन (एजेंसी)। चीन का जब भी जिक्र आता है, पूरी दुनिया शक की निगाह से देखती है। लेकिन इस बार अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने चीन को लेकर ऐसा दावा किया है कि पूरी दुनिया में खलबली मच गई है। नासा प्रमुख बिल नेल्सन का कहना है कि चीन अंतरिक्ष में गुप्त सैन्य परियोजनाओं को छिपा रहा है, ताकि वे चंद्रमा पर अपना दावा कर सके। चीन हमेशा कहता रहा है कि अंतरिक्ष में उसकी गतविधियां पूरी तरह वैज्ञानिक हैं। उसका मकसद किसी भी तरह से अतिक्रमण करने का नहीं है। लेकिन बिल के दावे से पूरी दुनिया में सनसनी मच गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, नासा प्रमुख ने बताया कि चीन के इरादे कुछ और ही हैं। हमें लगता है कि चीन अंतरिक्ष में एक सैन्य कार्यक्रम चला रहे हैं। इसकी जानकारी वे दुनिया से छुपा रहे हैं। अंतरिक्ष के क्षेत्र में चीन ने असाधारण प्रगति की है, लेकिन उसके ज्यादातर कार्यक्रम गोपनीय रहे हैं, जिसके बारे में वह दुनिया को नहीं बताता है। अमेरिका और चीन दोनों चंद्रमा पर स्थायी अड्डे बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके तहत मार्च में चीन के वैज्ञानिकों ने डिज्नीलैंड के आकार का चंद्र बेस बनाने का ऐलान किया था।

नेल्सन ने कहा, हम एक रेस में है। 2030 तक चांद पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं। हम वहां जल्द पहुंचना चाहते हैं। आर्टेमिस 3 सितंबर 2026 में लांच किया जाएगा। दरअसल, अमेरिका चांद को लेकर हमेशा चिंतित रहता है। वह चीन को अपना सबसे अहम प्रतिद्वंद्वी मानता है। लेकिन नेल्सन का दावा है कि अमेरिका चीन से काफी आगे है। नासा प्रमुख ने कहा कि अगर चीन पहले वहां अपना आधार बनाना शुरू करता है, तब वे चांद के कुछ हिस्सों पर दावा कर सकता है। नासा की ये चिंता इसकारण है, क्योंकि चीन अपना अंतरिक्ष स्टेशन 2022 में ही बना चुका है। अपने उपग्रहों की संख्या दोगुनी कर दी है। चार साल में अरबों डालर निवेश किए हैं। अमेरिकी स्पेस फोर्स के कमांडन ने चीन के ट्रैकिंग उपग्रहों को लेकर चेताया है, जिनका उपयोग सैन्य अभियानों की निगरानी के लिए किया जा सकता है। चीन विशाल जासूसी गुब्बारे और हाइपरसोनिक मिसाइलें भी विकसित कर रहा है।

हैदराबाद ने दिल्ली को उसके घर में किया चारों खाने चित्त

नई दिल्ली। ट्रैविस हेड (32 गेंदो पर 89 रन) और अभिषेक शर्मा (12 गेंदो पर 46 रन) के बीच 131 रन की तूफानी शतकीय साझीदारी के बाद थंगारसु नटराजन (19 रन पर चार विकेट) के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 35वें मुकाबले में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 67 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया।

अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीत कर पहले खेलते हुये हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 266 रन बनाये जिसके जवाब में मेजबान टीम 19.1 ओवर में 199 रन पर ढेर हो गयी। आईपीएल के मौजूदा सत्र में यह तीसरा मौका है जब हैदराबाद ने 250 रन से अधिक का स्कोर खड़ा किया है।

इस जीत के साथ सनराइजर्स हैदराबाद अंकतालिका में राजस्थान रायल्स के बाद दूसरी पायदान पर पहुंच गयी है वहीं दिल्ली कैपिटल्स सातवें नंबर पर लुढ़क गयी है।

हैदराबाद की जीत की गाथा हेड और शर्मा ने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर लिख दी थी जबकि नटराजन और मयंक मार्कंडेय (26 रन पर दो विकेट) ने अपनी उम्दा गेंदबाजी से जीत के लक्ष्य को बौना कर दिया।

दिल्ली के कुलदीप यादव (55 रन पर चार विकेट) ने हालांकि हेड और शर्मा की जोड़ी को निपटा कर दिल्ली को सांस लेने का अवसर दिया था मगर नितीश कुमार रेड्डी (37) और शाहबाज़ अहमद (59 नाबाद) ने तेज गति से रन बटोरते हुये दिल्ली के लिये एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार कर दिया था।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत निराशाजनक तरीके से हुयी जब उसने दो शुरुआती विकेट मात्र 25 रन पर गंवा दिये मगर जेक फ्रेज़र-मक्गार्क (18 गेंद पर 65 रन) और अभिषेक पोरेल (42) ने 30 गेंदों में 84 रन की साझीदारी कर दिल्ली की उम्मीदों को हवा दे दी। इन दोनो धाकड़ खिलाड़ियों को मयंक मार्कंडेय ने निपटा कर दिल्ली का दिल तोड दिया। कप्तान रिषभ पंत (44) ने हालांकि लक्ष्य के करीब पहुंचने की सुस्त कोशिश की मगर उनके इस प्रयास पर भी पुछल्ले बल्लेबाजों ने अपना विकेट जल्दी गंवा कर पलीता लगा दिया।

थंगारसु नटराजन ने एक के बाद एक चार विकेट चटका कर जीत के अंतर को और भी बढा दिया। इससे पहले वशिंगटन सुंदर और भुवनेश्वर कुमार ने सलामी जोड़ी को सस्ते में निपटा कर हैदराबाद की राह आसान कर दी थी। फ्रेजर ने 28 मिनट क्रीज पर रह कर दिल्ली की फिजां की गर्मी को बढाया था।

इससे पहले कुलदीप यादव ने अपने एक ओवर में अभिषेक और एडन मारक्रम (1) को आउट कर हैदराबाद के तेवर को ठंडा किया था।

इस बीच शतक की ओर बढ रहे ट्रेविस हेड भी कुलदीप के अगले ओवर में उनका तीसरा शिकार बने जब आफ स्टांप से बाहर जा रही गेंद को पुल करने के प्रयास में लॉन्ग ऑन बाउंड्री पर ट्रिस्टन स्टब्स ने आगे की ओर डाइव लगाकर उनका शानदार कैच लपक लिया। उन्होने 42 मिनट क्रीज पर रहकर 11 चौके और छह छक्के लगाये।

ऋषभ को टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में देखना चाहते हैं ब्रॉड

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जरुर शामिल किया जाना चाहिए। ब्रॉड के अनुसार आईपीएल में विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक और शिवम दुबे के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए इन्हें भी टीम में जगह के लिए दावेदार माना जा रहा है पर उनका मानना है कि दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ की बात अलग है।

ब्रॉड ने कहा, भारतीय टीम के लिए चयन काफी कठिन होने वाला है। अभी भी कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिनपर फैसला लेना है। ऋषभ ऐसे खिलाड़ी हैं जिनको लेकर बहुत बात हो रही है।

ब्रॉड ने आगे कहा, वह लंबे समय से खेल से दूर थे इसके बाद भी वह बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग काफी अच्छी कर रहे हैं। वह कप्तान है, विकेटकीपर है. वह तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर सकता है। मैं उन्हें कुछ मैचों में इंपैक्ट प्लेयर के रूप में भी देखना चाहूंगा पर जिस प्रकार से उसने केकेआर के खिलाफ खेला उससे लगा कि इस खिलाड़ी को विश्वकप में खेलना चाहिए। उनकी मैच को लेकर समझ शानदार है और वह एक मैच विजेता हैं। अगर मैं चयनकर्ता होता तो मैं उनको विश्व कप दल में जरुर रखता। ऋषभ ने कार हादसे से उबरकर वापसी करते हुए अपनी पहले वाली लय हासिल की है। उसे सत्र में जबरदस्त बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग की है। इस बल्लेबाज ने 33 टेस?ट में 43.67 के औसत से 2271, 30 एकदिवसीय में 34.60 के औसत से 865 और 66 टी20 में 22.43 के औसत से 987 रन अब तक बाये हैं। ये ऐसा बल्लेबाज है जो सभी प्रारुपों में तेज शॉट खेलने में सक्षम है।

धोनी जब मैदान में उतरते हैं गेंदबाज दवाब में आ जाते हैं

–मैदान पर फैंस का शोर भी अतिरिक्त दबाव बनाता है

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल में शुक्रवार को खेले गए मैच में चेन्नई के खिलाफ लखनऊ ने जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 6 विकेट पर 176 रन का स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे लखनऊ ने कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डि कॉक की शानदार बल्लेबाजी के दम 19वें ओवर में ही 2 विकेट होकर लखनऊ ने जीत हासिल की। मैच खत्म होने के बाद लखनऊ के कप्तान केएल ने महेंद्र सिंह धोनी की बल्लेबाजी को लेकर बयान दिया। महेंद्र सिंह धोनी ने लखमऊ मैच में भी दमदार पारी खेली. 9 बॉल पर 3 चौके और 2 छक्के लगाकर 28 रन बनाए।

केएल राहुल ने बताया कि महेंद्र सिंह धोनी जब मैदान में उतरते हैं उनका खौफ गेंदबाजों के अंदर होता है। केएल ने बताया कि जैस ही धोनी मैदान के अंदर आए तो हमारे गेंदबाज दवाब में दिखने लगे। धोनी के अंदर ऐसा कुछ है जो विरोधी गेंदबाजों पर हावी हो जाता है। जब धोनी बल्लेबाजी करने उतरते हैं तो उनके फैंस का जैसा शोर होता है उससे ही गेंदबाजों पर अतिरिक्त दबाव बन जाता है। चेन्नई की टीम को खाते में 15 से 20 रन तो इसी वजह से ही जुड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज के मुकाबले में मुझे पता था कि चेन्नई टीम के स्पिनर हम पर दबाव बनाएंगे। मैंने उन गेंदबाजों का चयन कर रखा था जिनके खिलाफ आक्रमण करना है और यह काम भी किया। क्विंटन डि कॉक ने काफी अच्छी बल्लेबाजी की और बन नहीं आने दिया। इससे हम दोनों का ही काम आसान हो गया।

कमजोर गेंदबाजी के दम पर केकेआर से आज टक्कर लेगी आरसीबी

मुंबई (एजेंसी)। लगातार हार झेली रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बखूबी पता है कि अब किसी गलती की गुजाइंश नहीं है। लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आरसीबी को हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लगातार हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता दिख रहा है।

आईपीएल 2024 में पांच हार के बाद आरसीबी अंकतालिका में सबसे नीचे है, और प्लेआफ की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए कोहली की टीम को बाकी सातों मैच जीतना होगा। आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर है। इसके बाद केकेआर की चुनौती उसके लिये काफी कठिन होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था, गेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं है। इसकारण सारा दबाव बल्लेबाजों पर आता है। हम सिर्फ बड़े स्कोर बनाकर ही मैच जीत सकते हैं।''

सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ ही टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 287 रन बनाया था। इस सत्र में सबसे महंगे 11 करोड़ 50 लाख रूपये में खरीदे गए अलजारी जोसफ ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और 11.89 की इकॉनॉमी रेट से रन दिए। आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भी फॉर्म के लिये जूझ रहे हैं, जिन्होंने मानसिक थकान का हवाला देकर सनराइजर्स के खिलाफ नहीं खेला। उनके कूल्हे की मांसपेशी में खिंचाव के कारण वह कुछ और मैचों में बाहर रह सकते हैं।

बल्लेबाजी में टीम कोहली, डुप्लेसी और कार्तिक पर ही निर्भर है। कोहली 72.20 की औसत से 361 रन बना चुके हैं, लेकिन 135 का स्ट्राइक रेट चिंता का विषय है। वह सातवें से 15वें ओवर के बीच स्पिनरों के सामने तेजी से रन नहीं बना पा रहे। कार्तिक ने 205 से अधिक की औसत से 226 रन बनाए हैं। सनराइजर्स के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 35 गेंद में 83 रन बना डाले थे। इन तीनों का सामना अब सुनील नारायण, मिचेल स्टार्क और हर्षित राणा जैसे गेंदबाजों

टीम

कोलकाता नाइट राइडर्स- श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर - फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

केकेआर ने आरसीबी की तुलना में एक मैच कम खेला है और उसकी नजरें जीत की राह पर आने की है। नारायण ने सिर्फ गेंदबाजी ही नहीं बल्कि बल्लेबाजी में शानदार खेल खेला हैं। उन्होंने रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में पहला टी20 शतक जमाया। उनका स्ट्राइक रेट भी 187 के करीब रहा है। फिल साल्ट ने 151 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। उनके पास रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे खतरनाक बल्लेबाज भी हैं।

मेजर क्रिकेट लीग में खेलेंगे मैक्सवेल

मुम्बई। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल जुलाई में अमेरिका में होने वाली मेजर क्रिकेट लीग में खेलते हुए दिखेंगे। मैक्सवेल आईपीएल 2024 सत्र के बीच में ही शारीरिक और मानसिक थकान का हवाला देकर इससे अलग हो गये हैं। वह इस आईपीएल सत्र में गेंद और बल्ले से विफल रहे थे।

मैक्सवेल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 11 करोड़ की मोटी रकम देकर खरीदा था। इसके बाद भी मैक्सवेल को मेजर लीग टीम वॉशिंगटन फीडम ने अपनी टीम में शामिल किया है। ये लीग टी20 विश्व कप के बाद अमेरिका में खेली जाएगी। वॉशिंगटन फीडम टीम में ऑस्ट्रेलिया के ही ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ भी खेलेंगेहैं। वहीं, टीम के कोच रिकी पोंटिंग होंगे। ये लीग 4 जुलाई से शुरू होगी। ये इस लीग का दूसरा सीजन होगा। वहीं आईपीएल से ब्रेक को लेकर मैक्सवेल ने कहा, मुझे कुछ दिन आराम की जरूरत पड़ेगी। मैं यहां पर अब भी हूं और यही ट्रेनिंग करूंगा। मैं अपने प्रदर्शन को बेहतर करने का प्रयास करुंगा। अगर मेरे लिए जगह होगी तो मैं जरूर उपलब्ध रहूंगा। मैं खेल से कुद समय बाहर रहने के बाद वापसी के प्रयास करुंगा। मैक्सवेल का प्रदर्शन इस आईपीएल सत्र में अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 6 पारियों में केवल 32 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 5.33 का रहा है जबकि पिछले साल मैक्सवेल ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था। मैक्सवेल ने पिछले साल 14 मैचों में 400 रन बनाए थे। उन्होंने 5 अर्धशतक लगाए थे।

पूरन को डाक्टरों ने दी थी क्रिकेट छोड़ने की सलाह

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के क्रिकेटर निकोलस पूरन आईपीएल में इस बार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। पूरन ने लखनऊ सुपरजायंट्स की ओर से खेलते हुए कई अच्छी पारियां खेली हैं। इसके साथ ही जरुरत पड़ने पर टीम की कप्तानी भी की है। पूरन ने वेस्टइंडीज की ओर से लंबे समय तक खेला है पर एक समय ऐसा भी था जब एक हादसे में उनके दोनो ही पैरों में फैक्चर हो गया था। इसके बाद उन्हें डॉक्टरों ने खेल छोड़ने को कहा था। ये वाकया साल 2015 का है तब पूरन 19 साल के थे। पैर फैक्चर होने के कारण वह करीब 18 महीने तक मैदान से दूर रहे थे। ऐसे कठिन समय पर गर्लफ्रेंड एलिसा ने उनका हौंसला बढ़ाया। एलिसा के सहयोग से पूरन का मनोबल बढ़ा और वह ठीक होने लगे। पूरन ने खुलासा सोशल मीडिया में किया था। पूरन ने साल 2020 में एलिसा से शादी की। इसके बाद उनका करियर तेजी से आगे बढ़ने लगा। इस सत्र में पूरन ने लखनऊ की ओर से अच्छा प्रदर्शन करते हुए 6 मैचों में 223 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 74 नाबाद रहा है।

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड का मैच 2 गेंद बाद ही खत्म

– दोनों देशों के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है

रावलपिंडी (एजेंसी)। टी20 विश्व कप पहले पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीम 5 मैचों की टी20 सीरीज खेल रही हैं। न्यूजीलैंड के टॉप खिलाड़ी इस समय भारत में आईपीएल खेल रहे हैं। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही टी20 सीरीज का पहला मैच सिर्फ 2 गेंद में ही खत्म हो गया। मुकाबले को पूरा नहीं कराया जा सका जिसके बाद दूसरे मैच को लेकर भी लोगों के मन में सवाल उठ रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट टीम बाबर आजम के नेतृत्व में खेलने उतरी है। दोनों देशों के बीच रावलपिंडी में तीन मुकाबले खेले जाना है। सीरीज के आखिरी दो मैच लाहौर में खेले जाएंगे। रावलपिंडी में टी20 सीरीज का

पहला मैच होना था लेकिन फैंस को निराशा हाथ लगी। बारिश की वजह से मुकाबले में सिर्फ 2 गेंद ही डाली जा सकी। अब दूसरे मुकाबले में मौसम कैसा रहेगा सबकी नजरें इस पर टिकी हैं।



रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला होगा। यह मैच 20 अप्रैल शनिवार को भारतीय समय के मुताबिक रात 8 बजे से शुरू होगा। यहां सुबह बारिश की आशंका जताई गई है लेकिन मैच के समय आसमान साफ रहेगा। पूर्वानुमान के मुताबिक बरसात की आशंका नही है। बता दें पाकिस्तान के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड के कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी थी। बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में महज 2 गेंद ही फेंकी जा सकीं। पहला ओवर शाहीन शाह अफरीदी करने आए और दूसरी बॉल पर ही विकेट चटका दिया। टॉम रॉबिन्सन बिना खाता खोले बोल्ड होकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद बारिश के कारण आगे मैच नहीं खेला जा सका और इसे रद्द कर दिया गया।

लड़कियों को खेलों में बढावा दें, वे चेहरे पर मुस्कान लायेंगी : सचिन तेंदुलकर

रांची। चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अभिभावकों से लड़कियों को खेलों में उतरने के लिये प्रोत्साहित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उनके चेहरों पर मुस्कुराहटें लायेंगी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि यहां युवा फाउंडेशन की फुटबॉल खिलाड़ी लड़कियों की हौसलाअफजाई के लिये आये हैं। युवा और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन मिलकर लड़कियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देते हैं। तेंदुलकर और अंजलि ने फुटबॉल खिलाड़ियों से बात भी की। तेंदुलकर ने कहा,'' बच्चों की ऊर्जा संक्रामक होती है। मैने उन्हें कड़ी मेहनत करते और खेल का मजा लेते देखा तो मुझे अपना बचपन याद आ गया।'' उन्होंने कहा,'' मैं कई बच्चों से प्रेरणा लेता हूं क्योंकि उनके लिये यह सफर आसान नहीं था। उनके जीवन में भी कई दुश्वारियां हैं। कई बार उनका फुटबॉल खेलना माता पिता को पसंद नहीं आता। मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि बच्चों को प्रोत्साहित करें। ये बच्चे उनके चेहरे पर मुस्कान लायेंगे।

सीएसके और लखनऊ दोनों की अंकतालिका में कायम

मुंबई। लखनऊ सुपर जाइंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज की। सीएसके की हार के बाद भी टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर कायम है, जबकि केएल राहुल की टीम भी पांचवें स्थान पर बनी हुई है। सीएसके और लखनऊ दोनों ने 7-7 मैच खेलकर 3 में हार और 4 में जीत दर्ज करते हुए 8 अंक हासिल किए हैं। लेकिन नेट रन रेट के कारण दोनों टीमें अंक तालिका में अलग-अलग स्थान पर हैं। सीएसके को हार से तालिका में भले ही कोई फर्क ना पड़ा हो लेकिन उनका नेट रन रेट गिरा है, जबकि लखनऊ के नेट रन रेट में सुधार हुआ है। सीएसके का नेट रन रेट +0.726 से 0.529 पर पहुंच गया है जबकि लखनऊ का नेट रन रेट +0.038 से 0.123 हो गया है। अंक तालिका में शीर्ष पर राजस्थान रॉयल्स है, जिसने सात मैचों में छह जीत हासिल की हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स छह मैचों में चार जीत के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके अलावा शीर्ष चार में सनराइजर्स हैदराबाद 8 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। अंक तालिका में सबसे नीचे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है, जिसने अपने अभियान के बीच में केवल एक मैच जीता है। राजस्थान, केकेआर, सीएसके और हैदराबाद चार टीमें हैं जो वर्तमान में शीर्ष चार में हैं। शीर्ष चार टीमें आईपीएल 2024 प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करेंगी। शीर्ष दो टीमें पहले क्वालीफायर में खेलेंगी और विजेता सीधे फाइनल में पहुंचेगा। एलिमिनेटर उन टीमों के बीच खेला जाएगा जो आईपीएल 2024 स्टैंडिंग में तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। एलिमिनेटर का विजेता क्वालीफायर 1 की हारने वाली टीम से भिड़ेगा। क्वालीफायर 2 का विजेता फाइनल में प्रवेश करेगा जो 26 मई को होगा।

लखनऊ-चेन्नई कप्तानों पर बीसीसीआई ने लगाया 12 लाख का जुर्माना

- केएल राहुल और रितुराज गायकवाड़ को मिली गलती की सजा

लखनऊ,(ईएमएस)। लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को आईपीएल 2024 का 34वां मैच लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला गया इसमें लखनऊ ने चेन्नई पर आसान जीत हासिल की। इस मैच में कुछ ऐसा हुआ कि बीसीसीआई ने दोनों टीमों के कप्तानों पर तगड़ा जुर्माना लगाया है। लखनऊ-चेन्नई ने मैच में दर्शकों को खूब आनंद आया है दोंनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से स्टेडियम में मौजूद अपने फैन्स को खुश कर दिया लेकिन वहीं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) नाराज हो गया। बीसीसीआई के नाराज होने की वजह थी दोनों टीमों की ओर से स्लो ओवर डालना। जिसके चलते बीसीसीआई ने दोनों टीमों के कप्तानों केएल राहुल और चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख का जुर्माना ठोका है। आईपीएल की आचार संहिता के तहत दोनों कप्तानों की टीमों का सीजन का पहला अपराध था। इसलिए उन पर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर भी स्लो ओवर रेट के चलते इस सीजन जुर्माना लग चुका है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 176 रन बनाए। चेन्नई की तरफ से सर्वाधिक 57 रन रविंद्र जडेजा ने बनाए। उनके अलावा एमएस धोनी ने 311 के तूफानी स्ट्राइक रेट से 9 गेंद में नाबाद 28 रन ठोके। अजिंक्य रहाणे ने भी 36 रन की अच्छी पारी खेली। लखनऊ की तरफ से सर्वाधिक 2 विकेट क्रुणाल पंड्या ने लिए। मोहसिन खान, यश ठाकुर, रवि बिश्नोई और मार्कस स्टोयनिस को एक-एक विकेट लेने में सफलता हासिल की। 177 रन का टारगेट को पूरा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स ने बड़ी आसानी के साथ 19 ओवर में 8 विकेट रहते चेज कर लिया। लखनऊ के लिए कप्तान राहुल और डि कॉक ने मैच विनिंग पारी खेली। केएल राहुल ने 9 चौके और 3 छक्के की मदद से 53 गेंद में 82 रन बनाए। वहीं डि कॉक ने 43 बॉल में 54 रन की पारी खेली। पूरन ने भी 23 रन की नाबाद पारी खेली। चेन्नई की ओर से मथीषा पथिराना औप मुस्ताफिजुर रहमान को 1-1 सफलता मिली। इस पूरे मैच में दोनों टीमों की ओर से स्लो ओवर डाले गए जिससे बीसीसीआई ने दोनों टीमों के कप्तान पर फाइन लगाया है।

इंडिय के लिए खेलने का सपना नहीं छोड़ा, टी20 विश्व कप खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हूं: कार्तिक

कोलकाता (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भारत के लिए फिर से खेलने के अपने सपने को नहीं छोड़ा है और टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने के लिए वह वो सबकुछ करेंगे जो वह कर सकते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप तक कार्तिक 39 साल के हो जायेंगे।

वह 2022 में आस्ट्रेलिया में टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के अंतिम चरण का भी हिस्सा थे जो भारतीय टीम के लिए उनका अंतिम टूर्नामेंट था। तब से वह क्रिकेट विशेषज्ञ बन गये हैं और कमेंट्री भी करने लगे हैं। आईपीएल के इस सत्र में वापसी करते हुए वह अपनी बल्लेबाजी को नये स्तर तक ले गये हैं और 205 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में वह विराट कोहली (361) और कप्तान फाफ डुप्लेसी (232) के बाद 226 रन से टीम के तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर उन्होंने कहा, ''अपने जीवन के इस पड़ाव में मेरे लिए भारत का प्रतिनिधित्व करना शानदार अहसास होगा। मैं ऐसा करने के लिए बेताब हूं। इस टी20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के अलावा मेरी जिंदगी में इससे बड़ा कुछ नहीं होगा। '' कार्तिक भी दावेदार के रूप में सामने आ रहे हैं तो विकेटकीपर के स्थान के लिए काफी प्रतिस्पर्धा होगी जिसमें भारतीय टीम ज्यादा से ज्यादा दो खिलाड़ियों को चुन सकती है।

कार दुर्घटना के बाद वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने भी दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करते हुए सकारात्मक जज्बा दिखाया है। संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल्स), ईशान किशन (मुंबई इंडियंस), केएल राहुल (लखनऊ सुपर जायंट्स) भी विकेटकीपर बल्लेबाज की दौड़ में शामिल हैं। कार्तिक ने कहा कि कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर 'बिग थ्री' जो भी फैसला करेंगे, वह उसका सम्मान करेंगे।

उन्होंने कहा, ''मुझे यह भी लगता है कि तीन बहुत ही बेहतरीन लोग राहुल द्रविड़, रोहित शर्मा और अजीत अगरकर हैं जो फैसला करेंगे कि विश्व कप के लिए सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीम क्या होनी चाहिये। '' कार्तिक ने कहा, ''और मैं पूरी

तरह से उनके साथ हूं। मैं उनके किसी भी फैसले का सम्मान करता हूं। लेकिन मैं बस इतना कह सकता हूं कि मैं शत प्रतिशत तैयार हूं और मैं विश्व कप के लिए टीम में शामिल होने के लिए हर संभव कोशिश करूंगा।

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का भारत दौरा टला

- भारत में हो सकता है टेस्ला का प्रवेश

नई दिल्ली ।

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का भारत दौरा फिलहाल टल गया है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से इस बात की जानकारी दी गई है। बता दें कि मस्क 21 से 22 अप्रैल दो दिनों के लिए भारत के दौरे पर आने वाले थे। इस दौरान वे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करने वाले थे। इस मुलाकात को लेकर मस्क ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके लिखा था कि के कि वे पीएम मोदी से मिलने के लिए उत्साहित हैं। वहीं मस्क के भारत दौरे को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं कि इस दौरे में भारत में टेस्ला का प्रवेश, निवेश और एक नई फैक्ट्री खोलने को लेकर कोई बड़ी घोषणाएं हो सकती हैं। ऐसा अनुमान था कि इस दौरे के बाद से उपग्रह आधारित मोबाइल ब्रॉडबैंड सेवा स्टारलिंक को देश में शुरू करने के एजेंडे को भी आगे बढ़ा सकते हैं। स्टारलिंक दुनिया के 70 देशों में पहले से ही सेवाएं दे रही है। कंपनी ने जीएमसीएस लाइसेंस के लिए नवंबर 2022 में आवेदन किया था लेकिन अभी तक उसे सरकार से हरी झंडी नहीं मिली है। मस्क के लिए यह उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा है। 2021 में मस्क

ने देश में शोरूम खोलने और टेस्ला की कारें आयात कर देश में बेचने की योजना बनाई थी। इसके लिए टेस्ला ने बेंगलूरु में टेस्ला इंडिया मोटर्स ऐंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक इकाई बनाई थी। इसे सरकार से कंपनी की दो कारों मॉडल 3 और मॉडल वाई के लिए होमोलॉगेशन प्रमाण पत्र भी मिल गया था। होमोलॉगेशन प्रमाणपत्र का मतलब है कि उक्त कारें भारत की सड़कों पर चलने के लिए उपयुक्त हैं।

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भारी गिरावट

- पाकिस्तान के भी हालात ठीक नहीं

नई दिल्ली ।

बीते सप्ताह विदेशी निवेशकों के भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 793 अंक टूट गया था। इसका असर देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दिखा है। बीते 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 5.401 बिलियन डॉलर ` गिरकर 643.162 बिलियन डॉलर का ही रह गया है। इससे पहले, पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में अपना भंडार 648.562 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी हालात कुछ ठीक नहीं हैं। बीते 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी हुई है। यह ऑल टाइम हाई है। इससे पहले अक्टूबर 2021 में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा था। रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियां में भी कमी हुई है। बीते 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा आस्तियां में 6.513 बिलियन की कमी हुई है। इन दिनों भारतीय रिजर्व बैंक सोने का स्टॉक बढ़ा रहा है। तभी 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इस सप्ताह गोल्ड रिजर्व में 124 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। अब अपना सोने का भंडार 55.798 बिलियन हो गया है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के मुद्रा भंडार में भी कमी हुई है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में इस समय विदेशी मुद्रा की जबरदस्त किल्लत चल रही है। हालात ऐसे हैं कि वहां काम की चीजें मंगाने लायक भी विदेशी मुद्रा का भंडार नहीं बचा है। इसलिए बेहद संभल कर आयात करना पड़ता है। बीते 12 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां का विदेशी मुद्रा भंडार 48 मिलियन डॉलर घट गया। इससे पहले बीते 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के भंडार में बढ़ोतरी हुई थी। अब वहां 13.37 अरब डॉलर का ही विदेशी मुद्रा भंडार रह गया है।

देश के कुछ राज्यों में बढ़े पेट्रोल-डीजल के भाव

नई दिल्ली ।

इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव से वैश्विक बाजार में कच्चे तेल में तेजी का रुख जारी है। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 90.20 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर बंद हुआ।

हालांकि क्रूड में आई इस तेजी का पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर ज्यादा असर देखने को नहीं मिला है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 20 अप्रैल के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों को जारी कर दिया है। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और गोवा में ईंधन की कीमतों में इजाफा हुआ है जबकि असम, बिहार, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक समेत अन्य राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटी हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.32 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 रुपये और डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.53 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 94.94 रुपये और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.19 रुपये और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 106.06 रुपये और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर है।

विप्रो के 6 हजार कर्मचारियों की संख्या घटी

नई दिल्ली ।

आईटी सेक्टर की दिग्गज कंपनी विप्रो के कर्मचारियों की संख्या मार्च तिमाही में 6,180 घट गई। आंकड़ों पर नजर डालें तो यह लगातार छठवीं तिमाही है, जब विप्रो के कर्मचारियों की संख्या में गिरावट देखी गई है। ये ऐसा समय जब है जब इस सेक्टर की कंपनियां कर्मचारियों के यूटिलाइजेशन को बेहतर बनाने और एट्रिशन रेट को कम करने पर फोकस कर रही हैं। विप्रो का एट्रिशन रेट तिमाही आधार पर 14.2 फीसदी के सपाट रहा। बता दें कि कर्मचारियों के खुद से नौकरी छोड़ने यानी रिजाइन करने की दर को एट्रिशन रेट कहते हैं। इससे पहले इंफोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी दूसरी बड़ी आईटी कंपनियों में यही दौर देखने को मिला था। टीसीएस में भी कर्मचारियों की संख्या में वित्त वर्ष 2024 में कमी आई थी, कंपनी के 13,249 कर्मचारी घटे थे। वहीं इंफोसिस के कर्मचारियों की संख्या में 25,994 की गिरावट आई। ये साल विप्रो के लिए चुनौती भरा रहा है। साल 2023 में कंपनी के टॉप मैनेजमेंट के करीब 10 फीसदी से अधिक कर्मचारियों ने नौकरियां छोड़ीं। इसमें कंपनी के चीफ ग्रोथ ऑफिसर स्टेफनी ट्रौटमैन, चीफ फाइनेंस ऑफिसर जतिन दलाल, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर संजीव सिंह, अमेरिका-2 बिजनेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर नितिन वी जगनमोहन

आदि शामिल हैं। यहां तक इसके सीईओ थिएरी डेलापोर्टे ने भी हाल ही में कंपनी से अचनाक इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया।

बजाज समूह करेगा बजाज ऑटो क्रेडिट में 2 हजार करोड़ का निवेश

मुंबई ।

देश के अग्रणी कॉरपोरेट समूहों में शुमार बजाज ग्रुप की बजाज ऑटो ने अपनी इकाई बजाज ऑटो क्रेडिट में 2 हजार करोड़ से अधिक का निवेश की घोषणा की है। बजाज ऑटो को ऑटो सेक्टर में लोन देने वाली अपनी ईकाई बजाज ऑटो क्रेडिट में 2250 करोड़ रुपये निवेश करने की मंजूरी मिल गई है। एक्सचेंज फाइलिंग में बताया गया है कि बजाज ऑटो के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स से निवेश की मंजूरी मिली है। बता दें, बजाज ऑटो क्रेडिट, बजाज ऑटो के पूर्ण मालिकाना हक वाली ईकाई है। बजाज ऑटो क्रेडिट, बजाज ऑटो और इसकी सब्सिडियरीज की गाड़ियों को खरीदने के लिए ग्राहकों को लोन की सुविधा मुहैया करती है। कंपनी की वित्तीय सेहत की बात करें, तब वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इसका टर्नओवर 16.65 करोड़ रुपये था। वहीं इसकी नेटवर्थ 258 करोड़ रुपये है। वहीं बजाज ऑटो जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ साल-दर-साल 35.1 प्रतिशत बढ़कर 1,936 करोड़ हो गया। इस प्रभावशाली प्रदर्शन का श्रेय बढ़ी हुई मात्रा, उच्च-मार्जिन वाले उत्पादों की अधिक हिस्सेदारी, जैसे फैक्टर्स को जाता है। बजाज

ऑटो के शेयर 2 प्रतिशत से अधिक उछलकर 9,129 प्रति शेयर के इंट्राडे हाई पर पहुंच गए। इस वर्ष अब तक स्टॉक की कीमत 33 प्रतिशत से अधिक और पिछले 30 सत्रों में लगभग 7 प्रतिशत बढ़ी है।

सिप्ला पर 1.83 करोड़ रुपए का जुर्माना

मुंबई ।

दवा कंपनी सिप्ला ने कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट (ट्रांजिशनल) का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। सिप्ला ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई, महाराष्ट्र के प्रधान आयुक्त से 1,83,17,388 रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है। यह आदेश केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 और महाराष्ट्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया। यह आदेश जारी करते हुए जीएसटी प्राधिकरण ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में उत्पाद शुल्क व्यवस्था से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर संक्रमणकालीन यानी ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया है, जो मान्य नहीं था। प्राधिकरण ने जुर्माने के साथ इसकी वसूली का आदेश दिया। सिप्ला ने कहा कि तथ्यों के आकलन और प्रचलित कानून के आधार पर वह इस संबंध में अपीलीय प्राधिकार के पास अपील दायर करेगी। कंपनी ने यह भी कहा कि उक्त आदेश के कारण उसकी वित्तीय स्थिति या परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री ने ओपेक महासचिव से की बात, कच्चे तेल की कीमतों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ओपेक महासचिव हैथम अल-घैस के साथ बातचीत के दौरान कच्चा तेल बाजार में स्थिरता और समुचित कीमत के महत्व पर जोर दिया। पुरी ने चर्चा के दौरान कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में, भारत वैश्विक ऊर्जा बाजारों में संतुलन हासिल करने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ओपेक के लिए दूसरा सबसे बड़ा आयातक है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान भारत ने ओपेक देशों से 120 अरब डॉलर के कच्चे तेल, एलपीजी, एलएनजी और पेट्रोलियम उत्पादों का आयात किया। इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ मिसाइल हमला शुरू करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में तीन डॉलर प्रति बैरल की बढ़ोतरी हुई, जिससे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई, जिससे कच्चे तेल के शिपमेंट में बाधा आ सकती है। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत बढ़कर लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अमेरिका का वेस्ट टेक्सास लगभग 85 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था। अमेरिकी भंडार बढ़ने और धीमी अर्थव्यवस्था के कारण चीनी मांग में गिरावट के कारण ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 87 डॉलर प्रति बैरल तक गिर गई थी। चूंकि भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक आयात करता है, वैश्विक तेल की कीमतों में तेज वृद्धि से देश आयात खर्च बढ़ सकता है और विदेशी मुद्रा के बड़े व्यय के कारण रुपया कमजोर हो सकता है।

आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटैल को बोर्ड से मिली डिमर्जर की मंजूरी

मुंबई । आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड के निदेशक मंडल ने मदुरा फैशन एंड लाइफस्टाइल कारोबार को अलग करने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बताया कि उसकी योजना कंपनी के अलग होने के 12 महीनों के भीतर 2,500 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी जुटाने की है। बयान के अनुसार एबीएफआरएल के निदेशक मंडल ने हाल ही में हुई बैठक में आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड (एबीएलबीएल) के अलग होने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। विभाजित होने की प्रक्रिया पूरी होने पर एबीएलबीएल अलग से सूचीबद्ध होगी। एबीएफआरएल ने कहा कि इस प्रक्रिया को एनसीएलटी व्यवस्था योजना के माध्यम से लागू किया जाएगा और इसके पूरा होने पर एबीएफआरएल के सभी शेयरधारकों के पास दोनों कंपनियों में समान शेयरधारिता होगी। कंपनी ने बयान में कहा कि प्रक्रिया के पूरा होने के 12 महीनों के भीतर एबीएफआरएल ने अपने बहीखाते को मजबूत करने और शेष इकाइयों की वृद्धि को जरूरी कोष उपलब्ध कराने के लिए 2,500 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी जुटाने की योजना बनाई है। मदुरा फैशन एंड लाइफस्टाइल व्यवसाय में चार फास्ट फैशन ब्रांड लुई फिलिप, वैन ह्यूसेन, एलन सोली और पीटर इंग्लैंड के साथ-साथ अमेरिकन ईगल और फॉरएवर 21 जैसे कैजुअल वियर ब्रांड शामिल हैं। इसके पास स्पोर्ट्सवियर ब्रांड रीबॉक और वैन ह्यूसेन के तहत इनरवियर व्यवसाय के लिए एक ब्रांड लाइसेंस भी है, जिसे एक अलग सूचीबद्ध इकाई में विभाजित किया जाएगा।

आईफोन मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में हिस्सेदारी खरीद सकता है टाटा समूह

नई दिल्ली । टाटा समूह भारत में आईफोन का मैन्युफैक्चरिंग करने वाली पेगाट्रॉन कॉरपोरेशन पेगाट्रॉन के साथ डील कर सकता है। जानकारी के मुताबिक ऐसा कहा जा रहा है कि ये डील मई महीने में फाइनल हो सकती है। अगर ये डील होती है तो माना जा रहा है कि एपल इंक और टाटा ग्रुप के बीच के संबंध और मजबूत होंगे। एपल का हैंडसेट एसेंबल करने वाली इस ताइवानी कंपनी में कंट्रोलिंग स्टेक खरीदने का प्रोसेस अंतिम चरण में हैं। बता दें कि आईफोन का प्रोडक्शन प्लांट चेन्नई के पास है, जबकि एक और प्लांट लगाने के लिए काम चल रहा है। सूत्रों के मुता बिक इस डील के बाद पेगाट्रॉन टाटा ग्रुप को मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में मदद कर सकती है। डील पूरी होने के बाद टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड पेगाट्रॉन के ऑपरेशंस को चलाएगी। बता दें कि इससे पहले भी दोनों इकाइयों के बीच बातचीत की खबरें आई थीं। वहीं इस ताजा खबर को लेकर टाटा ग्रुप और पेगाट्रॉन की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

घरेलू शेयर बाजारों में पूरे हफ्ते गिरावट बनी रही

मुंबई ।

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में युद्ध की आशंका ही हावी रही। ईरान और इजरायल के तनाव के बीच बाजार में गिरावट देखने को मिली। एफआईआईएस ने जोरदार बिकवाली की, जिससे दुनिया भर के बाजारों में गिरावट नजर आई। घरेलू शेयर बाजारों में पूरे हफ्ते गिरावट बनी रही। बीते सप्ताह बुधवार को रामनवमी पर्व के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहने की वजह से पांच में से केवल चार दिन ही घरेलू शेयर बाजार में कारोबार हुआ। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार में भारी बिकवाली दिख रही है। इस दौरान प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेसेक्स और निफ्टी फिसल गए हैं। बीएसई का सेंसेक्स 757.55 अंकों की गिरावट के साथ 73,487.35 पर खुला और 845.12 अंकों की गिरावट के साथ 73,399.78 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 242.61 टूटकर 22,276.80 के स्तर पर खुला और 246.91 अंक टूटकर 22,272.50 पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में एक बार फिर कमजोर शुरुआत हुई है। सेंसेक्स 346.34 अंकों की कमजोरी के साथ 73,071.29 पर खुला और 461.78 अंकों की बढ़त के साथ 72,938.00 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 93.35 अंक फिसलकर 22,179.15 पर खुला और 124.60 अंक फिसलकर 22,147.90 पर बंद

हुआ। गुरुवार को बाजार के प्रमुख इंडेक्स हरे निशान पर कारोबार करते दिखे। सेंसेक्स 14.50 अंक फिसलकर 72,924.01 पर खुला और 454.69 अंकों की गिरावट के साथ 72,488.99 के स्तर पर बंद हुआ।

निफ्टी 18.35 अंकों की बढ़त के साथ 22,166.25 पर खुला और -152.06 अंक टूटकर 21,995.85 पर बंद हुआ। लगातार पांचवें दिन प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। शुक्रवार को सेंसेक्स करीब 600 अंक फिसलकर 72,000 पर खुला और 599.34 अंकों की बढ़त के साथ 73,088.33 पर बंद हुआ। निफ्टी करीब 150 अंक टूटकर 21800 पर खुला और 151.16 अंक मजबूत होकर 22,147.00 पर बंद हुआ।

नारायण मूर्ति का 5 महीने का पोता बना करोड़पति

- डिविडेंड के रूप में मिलेंगे 4.2 करोड़ रुपए

नई दिल्ली ।

इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति के पांच महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को हाल ही में उनके दादा ने उन्हें 15 लाख शेयर तोहफ़े में दिए थे। अब इन शेयरों ने एकाग्र को करोड़पति बना दिया है। दरअसल, इंफोसिस कंपनी ने हाल ही में 28 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से बंपर अंतिम और स्पेशल डिविडेंड की घोषणा की है। यानी कि एकाग्र को इन शेयरों से कुल मिलाकर 4.20 करोड़ रुपये का फायदा होगा। इतनी कम उम्र में इतनी बड़ी रकम हासिल करने के चलते एकाग्र भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी का सबसे कम उम्र का करोड़पति शेयरधारक बन गया है। गौरतलब है कि जब नारायण मूर्ति ने अपने पोते को 15 लाख शेयर गिफ्ट किए थे तब उनकी कीमत 240 करोड़ रुपये थी। कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024 के लिए शेयरधारकों को डिविडेंड देने की सिफारिश की है। डिविडेंड दो भागों में दिया जाएगा 20 रुपये प्रति शेयर का अंतिम डिविडेंड और अतिरिक्त 8 रुपये प्रति शेयर का विशेष डिविडेंड। इस तरह कुल मिलाकर, इंफोसिस के शेयरधारकों को प्रति शेयर 28 रुपये का डिविडेंड मिलेगा। गौरतलब है कि यह कंपनी की पहले से घोषित पूंजी आवंटन नीति के तहत किया

जा रहा है, जिसके अनुसार कंपनी अपने फ्री कैश फ्लो का 85 फीसदी हिस्सा शेयरधारकों को लौटाने का वादा करती है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 31 मई, 2024 को आयोजित की जाएगी और लाभांश का भुगतान 1 जुलाई, 2024 को किया जाएगा। इस घोषणा से एनआर नारायण मूर्ति के पांच महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को 4.2 करोड़ रुपये मिलेंगे। एकाग्र इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति के तीसरे पोते हैं। उनके माता-पिता रोहन मूर्ति और अपर्णा कृष्णन हैं।

दुबई में भारी बारिश से भारतीय विमानन कंपनियों का परिचालन प्रभावित

नई दिल्ली । दुबई में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से वहां हवाई अड्डे पर व्यवधान आने के बाद भारतीय विमानन कंपनियों का परिचालन प्रभावित हुआ है। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्पाइसजेट ने दुबई हवाई अड्डे पर प्रतिबंध के कारण या तो अपनी सेवाएं रद्द कर दी हैं या उनका समय बदल दिया है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), विशेषकर दुबई के बीच व्यस्त हवाई यातायात है। दुबई हवाई अड्डा दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। जहां एयर इंडिया ने हवाई अड्डे पर परिचालन संबंधी व्यवधानों का हवाला देते हुए दुबई से अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दीं, वहीं एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो ने अपनी कुछ उड़ानें निरस्त कर दी हैं। सूत्रों ने बताया कि दुबई हवाईअड्डे ने एक नोटोम जारी किया है, जिसमें गैर-यूएई संचालकों द्वारा उड़ानों के संचालन को 21 अप्रैल की सुबह तक प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके अनुसार 24 घंटे में दो से अधिक उड़ान वाले गैर-यूएई संचालकों को दी गई समयावधि के दौरान परिचालन में 50 प्रतिशत की कटौती करने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने बताया कि नोटोम के बाद भारतीय वाहकों का उड़ान संचालन बाधित हो गया है और वे अपनी सेवाओं को रद्द और पुनर्निर्धारित कर रहे हैं। इस कदम से एयरलाइंस का परिचालन खर्च बढ़ेगा।

सनड्रीम नोएडा परियोजना में 250 करोड़ का करेगी निवेश

नोएडा । रियल एस्टेट कंपनी सनड्रीम ग्रुप ने कहा कि वह वित्त वर्ष 2024-25 में अपनी नोएडा स्थित परियोजना एंथुरियम बिजनेस पार्क में 250 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी सेक्टर 73 स्थित इस परियोजना के पहले चरण में 250 करोड़ रुपये का निवेश कर चुकी है। एक बयान के मुताबिक ताजा निवेश पहले चरण के निवेश के अतिरिक्त है और अब दूसरे चरण का निर्माण शुरू हो गया है। कंपनी ने बताया कि परियोजना की कुल अनुमानित लागत 522 करोड़ रुपये है। सनड्रीम ग्रुप के एक वरिष्ठ अधिकारी

50+
AGENTS

BUYING OR SELLING A PROPERTY?

LET'S WORK TOGETHER!

Buying or selling a property can be a stressful process if you don't have the right real estate agent. With 25 years of experience, you can rely on us to get you the best possible result.

propre
Luxury Real Estate

CONTACT:

INFO@PROPRELUXURYREALESTATE.COM
+91 9871577057
@PROPRELUXURYREALESTATE.COM

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in